रांची, सोमवार, 29 जुलाई 2024
संवत 2081, श्रावण कृष्ण आठ संवत मूल्य-2 रुपये
वर्ष-7, अंक 317 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक



4 प्रकृति, शिव और समाज से जोड़ती है कांवड़ यात्रा
टी20 श्रृंखला : वर्षा बाधित मैच में भारत ने श्रीलंका को 7 विकेट से हराया, बनाई अपराजेय बढ़त 6




स्वर्णरेखा नदी तट पर स्थित सुरेश्वर धाम शिव मंदिर में सावन की दूसरी सोमवारी पर लगा भक्तों का तांता



# हेमंत सोरेन की जमानत पर रोक वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज

- झारखंड हाई का फैसला तर्कसंगत : कोर्ट
- ईडी ने बेल के खिलाफ की थी अपील

एजेंसी



**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट की तरफ से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राहत मिली है। दरअसल, ईडी ने सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट की तरफ से दी गई जमानत के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। इसी मामले पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार करते हुए ईडी की याचिका को खारिज कर दिया।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ने इस मामले में 31 जनवरी को ईडी की गिरफ्तारी से कुछ समय पहले ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। हाईकोर्ट ने 28 जून को सोरेन को जमानत दी थी। हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद सोरेन ने 4 जुलाई को फिर से सीएम पद की शपथ ली। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने दलील दी थी कि अगर सोरेन को जमानत पर रिहा किया गया तो वह इसी तरह का अपराध कर सकते हैं और उन्होंने एससी/एसटी पुलिस थाने में ईडी अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामलों का हवाला दिया था।

क्या है पूरा मामला?

सोरेन के खिलाफ जांच रांची में 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ी है। ईडी का आरोप है कि इसे अवैध रूप से कब्जे में लिया गया था। एजेंसी ने सोरेन, प्रसाद और सोरेन के कथित 'फ्रंटमैन' राज कुमार पाहन और हिलारियास कच्छप तथा पूर्व मुख्यमंत्री के कथित सहयोगी बिनोद सिंह के खिलाफ 30 मार्च को यहां विशेष पीएमएलए अदालत में आरोपपत्र दायर किया था। सोरेन ने रांची की एक विशेष अदालत के समक्ष जमानत याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने यह आरोप लगाया कि उनकी गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित और उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर करने की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा थी।



## पेरिस ओलंपिक 2024

# 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड में भारत को कांस्य पदक

**पेरिसः** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के निशानेबाजों ने देश के नाम एक और मेडल कर दिया। जब मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने सोमवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रही। ऐसे में भारत के लिए एक और ब्रांज मेडल आ गया। कुल 580-20 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल करने वाली मनु-सरबजोत का मुकाबला चौथे स्थान पर रहने वाली दक्षिण कोरिया से होगा, जिसने 579-187 अंक हासिल किए। स्वर्ण पदक मैच तुर्किये (582-18 ) और सर्बिया (581-24 ) के बीच होगा। रिदम सांगवान और अर्जुन सिंह चीमा 10वें स्थान पर रहे।

# विधानसभा मानसून सत्र : दूसरे दिन घुसपैठ के मुद्दे पर सदन के बाहर विपक्ष का धरना

मेट्रो रेस

**रांचीः** झारखंड विधानसभा मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को विपक्ष के सदस्य विधानसभा सदन के बाहर धरने पर बैठ गए। वोट बैंक की राजनीति के लिए मुस्लिम आबादी बढ़ाना बंद करो, आदिवासी बहन बेटियों के साथ खिलवाड़ करना बंद करो, बांग्लादेशी घुसपैठ को संरक्षण देने वाली हेमंत सरकार शर्म करो लिखी तख्तियों के साथ उन्होंने धरना दिया और नारेबाजी की।

विधानसभा सत्र शुरू होने के पूर्व सत्ता पक्ष के विधायकों ने भी प्रदर्शन किया। भाजपा सांसद निशिकांत दूबे के बयान के विरोध में नारे लगाये। सत्ता पक्ष के प्रदर्शन समाप्त होने के बाद भाजपा विधायकों ने सरकार विरोधी नारे लगाये। पाकुड़ में छात्रावास में हमले का भी विरोध किया। उन्होंने पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की।

इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हम हिंदू मुसलमान नहीं कर रहे हैं, जो बांग्लादेशी घुसपैठियें घुस आये हैं, रोहिंग्या घुस आये हैं, उसको निकालने की बात कर रहे हैं। हेमंत सरकार उसे पाल पोस रही है।



कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने किया वेल में हंगामाः सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने वेल में आकर हंगामा शुरू कर दिया। स्पीकर के कहने पर भी जब नहीं माने तो उन्होंने हंगामे को देखते हुए सदन की कार्यवाही 12.30 बजे तक स्थगित कर दी। इससे पहले विधानसभा में मंत्री हफिजुल हसन ने बाबूलाल मरांडी के बयान पर कहा कि राज्य में घुसपैठ का कोई मामला नहीं है। यह भाजपा का सिर्फ चुनावी स्टंट है। हमें एक भी आदमी घुसपैठियों दिखा दें। उन्होंने कहा कि संथाल में भाजपा के जनधार चूक गया है। इसलिए बौखला कर भाजपा इस तरह का काम कर रही है। मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि राज्य में कहां घुसपैठिए हैं। केंद्र सरकार की कोई एजेंसी इसकी जांच कर रिपोर्ट दे।

**अमित शाह से करिए सवाल,**

## विधानसभा की कार्यवाही दोबारा स्थगित

**झारखंड** में सदन की कार्यवाही दोबारा स्थगित कर दी गयी। दोपहर 12.30 बजे जब सदन की कार्यवाही फिर से शुरू हुई तो पक्ष और विपक्ष के नेता दोनों हंगामा करते हुए वेल में जा घुसे। जिसके बाद स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी।

**आखिर कैसे हो रहा घुसपैठ : राजेश** कच्छप कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि भाजपा शुरू से ही डिवाइड एंड रूल की पॉलिसी पर विश्वास करती है। झारखंड में भी वह डिवाइड रूल की पॉलिसी को लाना चाहती है। राजेश कच्छप ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की मानसिकता ही है, 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भी उनके पूर्वजों ने भी अंग्रेजों का साथ दिया था और गुलामी किया था। उस समय के भी स्वतंत्रता सेनानी को भी डिवाइड एंड रूल से बांटने की कोशिश की थी। यही पॉलिसी भाजपा देश और झारखंड में करना चाहती है।

विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि घुसपैठ वाला मुद्दा भाजपा का इस बार प्रमुख मुद्दा है। उन्होंने कहा कि हमारा बस यही कहना है कि बीजेपी वाले अमित शाह को क्यों गाली दे रहे हैं। अमित शाह पर झारखंड के विधायक और सांसद को विश्वास नहीं है क्या। जब अमित शाह के जिम्मे बॉर्डर की सुरक्षा है, अमित शाह का पूरा फोर्स वहां लगा हुआ है, जिसके नाम पर वो राजनीत करते हैं, बांग्लादेश का नाम सामने आ रहा है और यदि आप बांग्लादेश घुसपैठियों की बात कर रहे हैं तो आप अमित शाह पर सवाल उठा रहे हैं। आखिर विदेशी बिना परमिशन कैसे आ रहे हैं। आप अमित शाह से सवाल कीजिए। आप झारखंड में हल्ला क्यों कर रहे हैं।

## बिहार सरकार के आरक्षण बढ़ाने के फैसले को झटका

# सुप्रीम कोर्ट का पटना हाईकोर्ट के निर्णय पर रोक से इनकार



**नई दिल्ली :** बिहार सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका मिला है। दरअसल, पटना हाईकोर्ट ने कुछ समय पहले ही बिहार सरकार के नौकरी और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण को बढ़ाने के फैसले पर रोक लगा दी थी। अब इस फैसले पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट ने भी इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर अब सितंबर में सुनवाई करेगा।

**20 जून को पटना हाईकोर्ट ने सुनाया था फैसलाः** 20 जून को पटना हाईकोर्ट ने बिहार सरकार के अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़े और अन्य पिछड़े वर्ग का आरक्षण 65 फीसदी तक बढ़ाने वाले कानून को रद्द कर दिया था। पटना हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया था। यानी अब शिक्षण संस्थानों व सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़े और अन्य पिछड़े वर्ग को 65 आरक्षण नहीं मिलेगा। 50 प्रतिशत आरक्षण वाली पुरानी व्यवस्था ही लागू हो गई। 21 नवंबर 2023 को बिहार सरकार ने गजट प्रकाशित किया थाः बिहार सरकार ने आरक्षण संशोधन बिल के जरिए आरक्षण दायरा बढ़ा 65 फीसदी कर दिया था। 10 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले आरक्षण को जोड़ दें जो कुल 75 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा। 21 नवंबर 2023 को बिहार सरकार ने इसको लेकर गजट प्रकाशित कर दिया था।

## शराब घोटाला मामला

# सीबीआई ने केजरीवाल व अन्य आरोपियों के खिलाफ राउज एवेन्यू कोर्ट में दायर किया आरोपपत्र

**नई दिल्ली :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उत्पाद शुल्क नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ राउज एवेन्यू कोर्ट दिल्ली में आरोपपत्र दायर किया है।

दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े सीबीआई मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने 25 जुलाई को मुख्यमंत्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को बढ़ा दी थी। इस मामले में आठ अगस्त को सुनवाई होनी है। तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केजरीवाल की पेशी हुई थी। सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल के तिहाड़ जेल से ही गिरफ्तार किया था। सीएम केजरीवाल के अलावा पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और बीआरएस नेता के कविता की भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुईं थीं। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 जुलाई और के. कविता की भी न्यायिक हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ा दी थी। इससे पहले 12 जुलाई को अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 25 जुलाई तक बढ़ा दी थी, जिसकी जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है।



केजरीवाल को विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश किया गया था। वह अपनी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मामलों के सिलसिले में पेश हुए थे।

## 12 पिकअप में ठूस कर बंगाल ले जाए जा रहे अवैध मवेशी बरामद



**पलामूः** 12 पिकअप में ठूसकर बंगाल ले जाए जा रहे अवैध मवेशी को बरामद किया गया है। हिंदूवादी संगठनों के कार्यकताओं ने रविवार की रात छतरपुर थाना क्षेत्र के रुदवा में फोरलेन से सभी वाहनों को पकड़ा है और गुप्ता ढाबा लाइन होटल के पास सभी वाहनों को लगा कर रखा गया है। पुलिस को सूचना दे दी गई है। जानकारी के अनुसार बिहार की तरफ से अलग-अलग एक दर्जन पिकअप में सात से आठ मवेशियों को लोड करके छतरपुर के फोरलेन से होकर बंगाल ले जाया जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही कुछ हिंदूवादी संगठनों के कार्यकताओं ने कार्रवाई की। एक-एक करके एक दर्जन पिकअप को रोका तो उसके चालक एवं अन्य सवार मौके से किसी तरह फरार हो गए। बाद में सभी गाड़ियों को गुप्ता ढाबा लाइन होटल के पास लगा कर रखा गया और पुलिस को सूचना दी गई। सभी वाहनों में नियम विरुद्ध मवेशियों को ले जाया जा रहा था। मवेशियों को ले जाने का कोई कागजात भी संबंधित वाहन के पास नहीं था। पुलिस को सूचना देने पर उल्टा हिंदूवादी संगठन के कार्यकताओं को ही केस में फंसाने की चेतावनी दी गई। पुलिस का कहना था कि झारखंड सरकार का आदेश है कि दुधारू मवेशियों को ले जाने पर किसी तरह का रोक-टोक नहीं करना है, लेकिन वाहन पर जिस तरह से मवेशियों को लादा गया था, उसे पशु क्रूरता अधिनियम की अवहेलना हो रही थी। नियमानुसार दो दुधारू मवेशी एक पिकअप में ले जाने का नियम है। इधर जानकारी मिली है कि मवेशियों को बंगाल ले जाने के लिए तस्कर हरिहरगंज, छतरपुर, डालटनगंज से होकर रूट चुनते हैं। इस रूट पर थानों को मैनेज करके गाड़ियों को पास कराया जाता है, जबकि डोभी होकर जाने पर बिहार- झारखंड बॉर्डर पर वाहनों की जांच की जाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक की अनुशंसा पर खूंटी की कई सड़कों का होगा सुदृढ़ीकरण

**खूंटी :** खूंटी के विधायक और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा की अनुशंसा पर खूंटी विधानसभा क्षेत्र में कई सड़कों के निर्माण कार्य का मार्ग प्रशस्त हुआ। है। इस संबंध में विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने बताया कि उन्होंने कुछ दिनों पूर्व नद सड़कों के निर्माण की अनुशंस की थी, जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने कहा कि सड़के विकास का प्रवेश द्वार होती हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों के बन जाने से व्यवसायियों, किसानों, छात्रों और आम लोगों को काफी लाभ होगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल खूंटी के लिए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के अंतर्गत वर्ष 2024 /25 में जिन सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई, उनमें ये सड़कें शामिल हैं। मुरहू तपकरा मेन रोड से खूंटी चाईबासा मेन रोड भाया कोड़ाकेल गोड़ाटोली पंचघाघ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, मुरहू सरवादा बीटी रोड से नील फैक्ट्री तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, सिल्दा मोड़ से पंगुरा भाया दहूगड़ा डहकेला तक कुल लंबाई 21.300 किमी। इसके निर्माण पर 1243.803 लाख रुपये खर्च होंगे। कर्रा प्रखंड में कर्रा-लोधमा मेन रोड, छापागढ्ढा से घुनसूली से डाडी, फुदी बाजार तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य, जरिया मोड़ से पदमपुर पथ सुदृढ़ीकरण कार्य, कर्रा बिरदा मेन रोड सांगोर से करो नदी भाया पलसा सरदुलला तक सुदृढ़ीकरण कार्य। इसकी कुल लंबाई 18.300 किमी है और लागत 1270.929 लाख रुपये है। मुरहू प्रखंड में घाघरा बांधटोली से जामटोली टोंगरी तक पथ निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति विभाग द्वारा प्रदान की गई। इसकी कुल लंबाई 1.400 किमी और लागत 142.886 रुपये है।

### रूगड़ा चुनने गयी महिला को जंगली हाथी ने कुचलकर मार डाला




**खूंटी :** जिले के ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। तपकारा थाना क्षेत्र के लोहाजिमी जंगल में रविवार को एक जंगली हाथी ने रूगड़ा चुनने गयी पोलो मुंडाइन (55) को कुचलकर मार डाला। वह लोहाजिमी मुखिया टोली की रहने वाली थी। जानकारी के अनुसार पोलो मुंडाइन अन्य महिलाओं के साथ जंगल के किनारे मवेशी चराने गयी थी। उसी बीच वह जंगल के अंदर रूगड़ा चुनने चली गयी। जंगल के अंदर मौजूद जंगली हाथी ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और उसे उठाकर पटक दिया तथा पैरों से बुरी तरह कुचल दिया। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। हाथी ने उसके शव को बुरी तरह क्षत विक्षत कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग वहां पहुंचे और इसकी सूचना स्थानीय पुलिस और वन विभाग को दी गयी. सूचना पाकर झामुमो नेता सुदीप गुड़िया, मुखिया पुष्पा गुड़िया, कृष्णा बड़ाईक,तपकारा थाना के एएसआई रामजानुल हक, प्रभारी वनपाल नितेश केशरी, वनरक्षी संजय मुंडा, मनोज सिंह, जुनुल होरो, संजय साहू, पीटर पॉल आदि घटनास्थल पहुंचे। वन विभाग द्वारा तत्काल सहायता राशि के तौर पर 20 हजार रुपये मृतक के डवजनों को दिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा गया।

### भारत विकास परिषद ने जरूरतमंदों के बीच छाते का किया वितरण



**रामगढ़:** रामगढ़ शहर में भारत विकास परिषद संस्थान के तत्वावधान में रविवार को जरूरतमंदों के बीच छाते का वितरण किया गया। शहर के सुभाष चौक, बस स्टैंड, सब्जी मंडी में सुदूर गाँव से आए सब्जी विक्रता के बीच छतरी वितरण किया गया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष हरीश चौधरी ने कहा निर्धन महिलाओं के बीच छाता वितरण करना सुखद अनुभव है। भारत विकास परिषद् अपने सामाजिक उतरदायित्व का निर्वहन करता रहा है। कार्यक्रम मे सचिव प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि आगामी दिनों में रिक्सा चालकों के बीच रेन कोट एवं छाते का वितरण किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष अनिल गोयल, कोषाध्यक्ष रामप्रवेश गुप्ता, मनोज मोदी, प्रकाश अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, दीपक खंडेलवाल, अजय कुमार अग्रवाल, वरुण बगड़िया, रामप्रवेश गुप्ता तथा उमेश राजगढ़िया इत्यादि अनेकों सदस्य मौजूद थे। सचिव प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा रेन कोट एवं छाता वितरण का प्रोग्राम आगे भी जारी रहेगा।

### अफीम की खेती और डायन प्रथा के खिलाफ जागरूकता अभियान



**खूंटी :** रनिया के थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल के नेतृत्व में थाने की पुलिस द्वारा रविवार को सर्बो और रोहिणीपानी गांव में अभियान चलाकर लोगों को अफीम की खेती के दुष्परिणाम, इसके तहत कानूनी करवाई, नशापान का परिवार और पर समाज पर दष्प्रभाव, डायन कुप्रथा आदि के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर नव युवकों को यातायात के नियमों की भी जानकारी दी गई। मौके पर थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल ने कहा कि घरेलू हिंसा का सबसे बड़ा कारण ।शापान है। उन्होंने कहा कि नशापान का दुप्भाव सिर्फ शराब पीने वाले व्यक्ति और उसके परिवार पर ही नहीं पड़ता, बल्कि इससे पूरा समाज प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि अफीम की खेती से यहां के किसान बर्बाद हो रहे है। उन्होंने कहा कि चंद रुपयों के लालच में समाज और परिवार को बर्बाद न होने दें। जायसवाल ने कहा कि डायन सिर्फ अंधविश्वास है। इस कुप्रथा को नव युवक ही दूर कर सकते हैं।

# निशिकांत दुबे का बयान व्यक्तिगत : अमर बाउरी

मेट्रो रेज




**रांची :** झारखंड विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन के बाहर झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे का बयान व्यक्तिगत है। व्यक्तिगत बयान की जवाबदेही उनके खुद की है। झारखंड में भी कांग्रेस ने एक बयान दिया है और उसे भी बहुत लोग नकार रहे हैं। व्यक्तिगत बयान को व्यक्तिगत रूप से ही देखना चाहिए। आज हमारी मांग है कि बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण पूरा डेमोग्राफी चेंज हो गया है। बाउरी ने कहा कि झारखंड में आदिवासी की अस्मिता खतरे में है। माटी, रोटी खतरे में है। इसके खिलाफ आवाज उठाने वालों पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली सरकार रात के अंधेरे में घुसकर लहूलुहान करके हॉस्पिटलाइज करने का काम कर रही है। मामले को घुमाने के लिए आदिवासी हित का मुखौटा पहने सरकार ने युवाओं पर लाठियां चलवाई ताकि मुखौटा गिर न जाए। मुझे पूरा विश्वास है कि पूरे संथाल में हूल की बिगुल बज चुकी है। इन बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध और इनको संरक्षण देने वाले जेएमएम, कांग्रेस के विरोध में हूल कर दिया है।

## सुदेश महतो ने हिमंता विस्वा सरमा से की मुलाकात

**रांची :** आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने सोमवार को असम के मुख्यमंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव के भाजपा सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा से मुलाकात की है। यह मुलाकात दिल्ली में हुई है।

सुदेश कुमार महतो ने इस बाबत सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर तस्वीर साझा की है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है कि नई दिल्ली में असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा से मुलाकात की। इन दौरान राज्य की मौजूदा राजनीतिक हालात और आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। हिमंता विस्वा सरमा झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी बनाए हैं। इन दिनों उनका कई बार झारखंड आना-जाना हुआ। वह झारखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देने के लिए आते रहते हैं। इसी बीच सुदेश महतो ने उनसे दिल्ली में मुलाकात की है, जिसके कई अहम मायने हैं। यह कह सकते हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव को



लेकर इस मुलाकात में काफी आवश्यक विचार-विमर्श हुआ होगा।

## सकारात्मक बदलाव के लिए युवाओं को राजनीति में आगे आना होगा : चंद्रप्रकाश



मेट्रो रेज

**रामगढ़ :** झारखंड में विधानसभा चुनाव की आधिकारिक घोषणा तो नहीं हुई है लेकिन सभी राजनीतिक दल चुनाव की तैयारी में जुड़ गए हैं। रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र के कई युवाओं ने रविवार को आजसू पार्टी का दामन थामा। उन्होंने आजसू नेता चंद्र प्रकाश चौधरी पर भरोसा जताया और कहा कि यह पार्टी स्थानीय स्तर पर विकास का कार्य करती आ रही है। चौधरी ने सभी का स्वागत किया। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि हेमंत सरकार की गलत नीतियों की वजह से आज राज्य का युवा ठगा हुआ महसूस कर रहा है। इस अव्यवस्था को बदलने और राज्य में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हर वर्ग के युवाओं को राजनीति में आगे आना होगा। युवा नेता रोहित सोनी के नेतृत्व में क्षेत्र की कई युवतियों ने आजसू पार्टी पर आस्था विश्वास रखते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सांसद ने पार्टी की नीति और सिद्धांतों को बताते हुए कहा कि हमें गर्व है कि अब हमारी बेटियां श्रोता नहीं, बल्कि क्षेत्र में नेतृत्वकर्ता के रूप में सामने आ रही हैं। मुझे उम्मीद है आप सभी अपने कर्तव्यों और दायित्वों का निर्वहन करते हुए पार्टी हित एवं जनहित में काम करेंगे।

# आजसू के मिलन समारोह में निर्मल उरांव सहित कई युवाओं ने थामा पार्टी का दामन

मेट्रो रेज




**रांची :** रांची के बोड़ेया स्थित गोल्डन मोमेंट बैंक्वेट हॉल में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस दौरान केंद्रीय सचिव सह रांची महानगर प्रभारी जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में युवा समाजसेवी निर्मल उरांव ने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि राज्य की वर्तमान परिस्थिति ने सभी लोगों को एक बार फिर सोचने पर मजबूर कर दिया है। राजनीति चिंतन का माध्यम है। यदि आपका चिंतन राज्य के हित के लिए है तो आपके साथ लोग जुड़ेंगे और आपका साथ भी देंगे। नवीन सोच और नवीन ऊर्जा के साथ हमें मिलकर आगे बढ़ना है। पार्टी में शामिल हुए निर्मल उरांव का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी को जनता की सेवा करने का सशक्त मंच देगी आजसू पार्टी। गरीबों शोषितों और वंचित की आवाज बनकर काम करने की आवश्यकता। अपनी संस्कृति, परंपरा और विरासत को संजोने और आगे बढ़ने की जिम्मेदारी युवाओं पर है। सार्वजनिक जीवन में कदम रखने पर आपको और आपकी टीम को बधाई। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले निर्मल उरांव ने कहा कि समाज की समस्याओं को करीब से जनता हूं और इन समस्याओं को दूर करने के लिए आजसू से बेहतर कोई राजनीतिक पार्टी नहीं है। सुदेश महतो द्वारा सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के साथ ही खेल को बढ़ावा देने के लिए किए गए कार्य सराहनीय है। राज्य के विकास और युवाओं के कल्याण के प्रति उनके सोच से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा। मिलन समारोह में आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह रांची महानगर प्रभारी जितेंद्र सिंह, रांची महानगर महासचिव रमेश गुप्ता, वरिय उपाध्यक्ष बंटी यादव, सुनील यादव, उपाध्यक्ष बिरेंद्र प्रसाद, राकेश कुमार सिंह, टीके मुखर्जी, खुशबू हेंब्रम इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# घुसपैठियों के खिलाफ भाजपा के आंदोलन व आदिवासी छात्रों के आक्रोश से बौखलाई झामुमो : प्रतुल शाहदेव

मेट्रो रेज



**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को कहा कि भाजपा के द्वारा लगातार संताल सहित झारखंड के दूसरे क्षेत्रों में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाए जाने के मुद्दे पर मुखरता के कारण झामुमो बदहवास हो गई है। दरअसल, यही बांग्लादेशी घुसपैठिए इस गठबंधन के वोट बैंक की राजनीति का एक हिस्सा है। प्रतुल ने कहा कि खुद इसी सरकार के स्पेशल ब्रांच में दो जून, 2023 को सभी उपायुक्त को पत्र लिखा था कि संथाल परगना के मदरसों में इन मुस्लिम बांग्लादेशी घुसपैठियों के सरकारी दस्तावेज को बड़े पैमाने पर संगठित तरीके से तैयार किया जाता है और फिर इन्हें प्रदेश के दूसरे हिस्से में भेजा जाता है। प्रतुल ने कहा कि भाजपा ने इस बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठ की आवाज को संथाल परगना से लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग तक मुखरता से उठाया है। अब गठबंधन को अपना घुसपैठियों का वोट बैंक खतरे में दिख रहा है, जिसके कारण झामुमो के नेता बदहवास होकर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं।

प्रतुल ने कहा कि झामुमो ने आज कांग्रेस के विधायक नेहा शिल्पी नेहा तिर्की के उसे बयान से किनारा नहीं किया, जिसमें उन्होंने बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियो की तुलना बिहारियों से कर डाली थी। प्रतुल ने कहा यह बेहद शर्मनाक और शर्मसार करने वाला वाकया है। जब आप देश के नागरिकों की तुलना जबरन देश में घुस आए घुसपैठियों के साथ करेंगे। प्रतुल ने कहा कि पांच वर्षों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सरकार प्रदेश में है लेकिन घुसपैठियों के विषय में इन्होंने अभी तक कभी कोई बड़ा कदम नहीं उठाया। घुसपैठियों को संरक्षण देकर यह सरकार झारखंड के मुसलमान का भी अहित कर रही है। क्योंकि, अल्पसंख्यक कल्याण की योजनाओं को ज्यादातर यही मुस्लिम घुसपैठिए डकार जाते हैं। आदिवासियों के हितों पर भी यह लव जिहाद, लैंड जिहाद और पॉलिटिकल जिहाद के जरिए चोट कर रहे हैं। पाकुड़ के केकेएम कॉलेज में आदिवासी छात्रावास में रात में पुलिस ने बर्बरता से मारपीट की थी। इसके बाद हजारों छात्रों का जमीनी आक्रोश से भी राज्य सरकार सकते में आ गई है।

# वनाधिकार पट्टा मामले पर हुई चर्चा



मेट्रो रेज

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज वनाधिकार अधिनियम से संबंधित बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में अनुमंडल स्तरीय समिति से अग्रसारित कुल 31 सामुदायिक वनाधिकार पट्टा और शेष व्यक्तिगत वनाधिकार पट्टा के मामलों पर चर्चा की गई और जिला स्तरीय समिति की बैठक में सर्वसम्मति से मामलों को पारित किया गया। आज की बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, जिला परिषद सदस्य कैरो सुखदेव भगत व समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# आपने जो ज्ञान प्राप्त किया है, उसकी सुरभि सम्पूर्ण समाज में बिखेरते रहें : शैलेश मिश्र

मेट्रो रेज



**रांची :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के तत्वावधान में रविवार को श्रावण महोत्सव सह सौप्रस्थानिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर तथा स्नातक षष्ठ सेमेस्टर के छात्रों को विदाई दी गई।

समारोह में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इनमें शास्त्रीय नृत्य, संगीत एवं नाट्य प्रस्तुति शामिल थे। संस्कृत श्लोकों का सस्वर पाठ एवं भक्ति गीतों ने कार्यक्रम को आध्यात्मिकता से ओतप्रोत कर दिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनकी प्रशंसा की।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को जीवंत बना दिया। शास्त्रीय नृत्य में विद्यार्थियों ने अपनी नृत्यकला का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। संगीत प्रस्तुति में विद्यार्थियों ने संस्कृत के श्लोकों और भजनों को सुरम्य धुनों में गाकर समां बांध दिया। नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों को हर्षोल्लास से भर दिया और कार्यक्रम की समग्रता में चार चांद लगा दिए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संस्कृत महाविद्यालय, रांची के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ. शैलेश कुमार मिश्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने जो ज्ञान प्राप्त किया है, उसकी सुरभि सम्पूर्ण समाज में बिखेरते रहें। उन्होंने कहा कि जिसकी वाणी में नियंत्रण, माधुर्य और सौंदर्य रहता हो, वह संसार में महत्तम लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने छात्रों को परामर्श दिया कि स्वाध्याय जीवन के अंतिम श्वास तक होना चाहिए। उन्होंने संस्कृत भाषा की महत्ता एवं उसके संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, बल्कि यह भारतीय ज्ञान-विज्ञान की मूलाधार भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को संस्कृत के अध्ययन में निरंतर लगे रहने की प्रेरणा दी और विभागीय गतिविधियों की सराहना की।

विशिष्ट अतिथि मारवाड़ी महाविद्यालय, रांची के सहायक प्राध्यापक डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि महान लोगों ने जिस मार्ग का आचरण करते हुए श्रेष्ठता को प्राप्त किया, हमें भी अपने जीवन में उसी मार्ग का अनुवर्तन करना चाहिए। डॉ. कुमार ने संस्कृत भाषा के प्रति युवाओं में जागरुकता बढ़ाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्कृत विभाग के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में संस्कृत के प्रति रुचि और समर्पण की भावना जागृत होती है। अतिथि अमिताभ कुमार ने कहा कि जीवन का नाम तालाब के समान स्थिरता नहीं है, बल्कि नदी के समान गतिशीलता ही जीवन है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप जीवन के प्रत्येक सोपान पर सदैव आगे बढ़ते रहें।

विभागीय शिक्षिका डॉ. श्रीमित्रा कुमारी ने छात्रों को शुभकामना देते हुए कहा कि बाधाओं से लड़ते हुए सदैव अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि संस्कृत विभाग सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयत्नशील रहता है। उन्होंने विद्यार्थियों को विदाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि विदाई केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह एक नवीन यात्रा का प्रारम्भ है। विभागीय शिक्षक डॉ. जगदम्बा प्रसाद ने कहा कि विद्यार्थी जहां भी जाएं, संस्कृत भाषा और संस्कृति का प्रचार-प्रसार करें और इसे अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं।

न्यूज ब्रीफ

## दीपशिखा का 36वां वार्षिकोत्सव मना



**रांची :** दीपशिखा का 36वां वार्षिकोत्सव कांके स्थित सीएमपीडीआई. के मयूरी हॉल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दीप प्रज्वलित कर-के कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपशिखा की कार्यकारी निदेशिका सुधा ल्हीला ने संबोधन करते हुए किया। इस कार्यक्रम में स्पर्श यूनिट के बच्चे, आउटडोर यूनिट के बच्चों के साथ स्कूल के स्पेशल बच्चों ने अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। साथ ही डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन के छात्रों ने इन स्पेशल बच्चों के साथ मिलकर एक लोकनृत्य के जरिए झारखंड की कला संस्कृतियों एवं झारखंड के वीर सपूतों को भी नमन किया।

## झारखंड के पूर्व मंत्री बच्चा सिंह का निधन, धनबाद में शोक



**रांची :** झारखंड के पूर्व मंत्री बच्चा सिंह का धनबाद में सोमवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनकी मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। कुछ माह पहले ही उन्हें दिल्ली में इलाज के लिए ले जाया गया था। उस वक्त वह बाथरूम से गिर गये थे। बच्चा सिंह सूर्य देव सिंह के भाई थे। बिहार से अलग होकर जब झारखंड बना तो वह बाबूलाल मरांडी की सरकार में मंत्री थे।

बच्चा सिंह झारिया से विधायक रह चुके हैं। वह कभी सिंह मेंशन के स्तंभ हुआ करते थे। उन्होंने पहली बार विधानसभा का चुनाव साल 1991 में लड़ा लेकिन आबो देवी के हाथों उन्हें हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 1995 में उन्होंने दोबारा झारखंड विधानसभा से अपनी किस्मत आजमायी लेकिन फिर हार गये। साल 2000 में उन्होंने पहली बार जीत स्वाद चखा और विधायक बने। इसके बाद उन्हें बाबूलाल मरांडी की सरकार में नगर विकास मंत्री बनाया गया।

## नए राज्यपाल से राज्य के युवाओं को काफी उम्मीदें : नमन भारतीय



**रांची :** भाजपा युवा नेता एवं समाजसेवी नमन भारतीय ने प्रेस रिलीज जारी कर झारखंड के नए राज्यपाल नियुक्त होने पर महामहिम संतोष गंगवार को बधाई और शुभकामनाएं दी। युवा नेता नमन भारतीय ने कहा कि राज्य में नए राज्यपाल के आने से राज्य के युवा वर्ग में नई आशा जगी है। युवा वर्ग नए राज्यपाल के आने से काफी उत्साहित है। जितने भी विश्वविद्यालय एवं शिक्षण संस्थान है उनमें तमाम रिक्त पदों पर जल्द ही नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ होगी। राज्य सरकारों के द्वारा सृजित पदों पर बहाली के लंबित मामलों का निष्पादन कर युवा वर्ग को नौकरियों से जोड़कर राज्य का विकास सुनिश्चित होगा।

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने पत्नी के साथ की पूजा अर्चना



**जमशेदपुर :** स्वास्थ्य और खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने सावन की दूसरी सोमवारी पर पत्नी सुधा गुप्ता के साथ मंदिर पहुंचे।इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री डिमना स्थित अमरनाथ महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। पुरोहित ने पूरे विधि-विधान से स्वास्थ्य मंत्री और उनकी पत्नी को पूजा कराया। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सावन का महीना पवित्र महीना होता है।बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद सब पर बना रहे,सब खुशहाल रहे यही प्रार्थना है। झारखंड बाबा की नगरी है। भगवान शिव हर संकट को हर लेते हैं। सावन के महीने में भोलेनाथ के नाम का जाप करने से कष्टों से मुक्ति मिलती है। हमें गर्व है कि हम बाबा नगरी में रहते हैं।भोले शंकर की पूजा करने से हर कार्य में सफलता मिलती है।

## बाबा आम्रेश्वर धाम में उमड़ा भक्ति का जन सैलाब



**खूंटी :** खूंटी के सुप्रसिद्ध बाबा आम्रेश्वर धाम (अंगरा बाडी) में स्वयंभू शिवलिंग के पूजन, दर्शन एवं जलाभिषेक के निमित्त प्रातः से देर दोपहर तक श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

# विधानसभा में हंगामे के बीच 4833.39 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरूआत हंगामे के साथ हुई। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की तरफ से सदन के बाहर हंगामा किया गया। हंगामे के बीच प्रभारी मंत्री रामेश्वर उरांव ने 4833 .39 करोड़ का प्रथम अनुपूरक बजट पेश किया। 30 जुलाई को उस पर चर्चा की जाएगी, जिसके बाद बजट पास होगा। अनुपूरक बजट पेश होते ही विपक्ष के हंगामे के बाद स्पीकर ने सदन मंगलवार 11:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।



### मुझे शर्म आती है कांग्रेस की सोच पर : विरंची नारायण

इससे पहले एक तरफ सत्ता पक्ष के विधायक निशिकांत दुबे के संसद में दिए गए बयान पर भाजपा को घेरते नजर आई तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा के विधायक बदलती डेमोग्राफी और पाकुड़ की घटना को लेकर हमलावर दिखाई दिए। सदन के बाहर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की तरफ से जमकर नारेबाजी हुई और धरना दिया गया। भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कांग्रेस विधायक नेहा शिल्पी तिर्की के बयान पर कहा कि इसका सबसे अच्छा जवाब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर हैं, जो बिहार से आते हैं, इसका मतलब वह घुसपैठी हैं। मंत्री रामेश्वर उरांव भी बिहार से ही है तो उनको भी घुसपैठी कह देंगे। मुझे शर्म आती है कांग्रेस की सोच और इस बयान की घोर निंदा करता हूं।

### संथाल की डेमोग्राफी चेंज करने में यहां की सरकार लगी हुई : रणधीर

विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि सिर्फ झारखंड ही नहीं, बल्कि जहां-जहां इंडी गठबंधन की सरकार है, वहां पर यह लोग बांग्लादेश की सीमा को खोल देते हैं। इनको वोट बैंक बढ़ाना है। सारठ विधानसभा क्षेत्र में अब बांग्लादेश से लोग भर चुके हैं। पूरी संथाल की डेमोग्राफी चेंज करने में यहां की सरकार लगी हुई है। वहां पर केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करके जल्द से जल्द नियम लागू करने चाहिए। कांग्रेस पार्टी हमेशा से झारखंड बिहार के लोगों को अलग करने का काम करती रही है। कांग्रेस विधायक ने ऐसा बयान देकर कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाया है। यदि बिहार से पर अन्य प्रदेशों से लोग यहां आते हैं और नागरिक हैं तो उनका वोट भी चाहिए कांग्रेस को और उनको ही गाली भी देंगे।

### चुनाव को प्रभावित करने के लिए संथाल को आधार बना रहा विपक्ष : हफीजुल हसन

इसका जवाब देते हुए मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि संथाल परगना को सिर्फ चुनाव को प्रभावित करने के लिए विपक्ष आधार बना रहा है। हम भी देखना चाहते हैं कि बांग्लादेशी कैसे होते हैं। अभी तक हमने एक भी बांग्लादेशी झारखंड में नहीं देखा। बिहारी घुसपैठ कैसे होगा। पहले झारखंड बिहार का हिस्सा था। उस वक्त हर कोई बिहारी था। जब हमारा जन्म हुआ तब हम भी बिहारी थे।

### डेमोग्राफी से आदिवासियों की जनसंख्या घट रही : बाबूलाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 26 जुलाई की रात को पाकुड़ में पुलिस ने कॉलेज के छात्रों को बेरहमी से पीटा और उन्हें लहूलुहान कर दिया। इसका केवल एक ही कारण था कि कॉलेज के लड़के और ट्राइबल ऑर्गेनाइजेशन है संथाल में यह सब मिलकर 27 जुलाई को धरना पर बैठने वाले थे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से संथाल में डेमोग्राफी बदल रही है और खासकर की आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है उससे आज आदिवासी लोग प्रताड़ित हो रहे हैं। मामले को दबाने के लिए पुलिस ने देर रात जाकर छात्रों को पीटा। निशिकांत दुबे के बयान पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वह उनका व्यक्तिगत बयान है, पार्टी का नहीं।

## झामुमो विधायकों का सदन के बाहर प्रदर्शन




मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन के बाहर झामुमो विधायकों ने भी प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर भाजपा विरोधी नारे लगाए गये। सभी जेएमएम विधायकों के हाथों में तख्ती थी, जिसमें लिखा था कि झारखंड और झारखंडी विरोधी भाजपा हाय हाय, संथाल है वीरों की धरती जब अंग्रेजों को नहीं छोड़ा तो तुम्हारी क्या हस्ती। हेमंत है तो हिम्मत है। झारखंडी झुक कर जोहर करता है अस्तित्व पर बात आए तो हूल के साथ वार करता है। हेमंत को झुका ना सके तो झारखंड तोड़ने चल पड़े मिट जाओगे। कैसे लिया झारखंड लड़ के लिया झारखंड आदि स्लोगन लिखे हैं।

## जेपीएससी ने निकाली 170 रेंजर और 78 सहायक वन संरक्षक की वेकैंसी

**29 जुलाई से 10 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं अभ्यर्थी**

मेट्रो रेज

**रांची :** वन विभाग में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने बड़े पैमाने पर वेकैंसी निकाली है। नियुक्ति की प्रक्रिया 29 जुलाई से शुरू हो रही है। जेपीएससी ने वन क्षेत्र पदाधिकारी के 170 पद और सहायक वन संरक्षक के 78 पदों पर बहाली की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दोनों पदों के लिए 29 जुलाई से 10 अगस्त तक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगा गया है। इसके लिए योग्यता, उम्र सीमा, आरक्षण मापदंड आदि आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस भर्ती में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी विस्तार से





जेपीएससी की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

जेपीएससीने पीटी परीक्षा की तारीख की घोषणा कर दी है। वन क्षेत्र पदाधिकारी और सहायक वन संरक्षक के पद के लिए 18 अगस्त को प्रारंभिक परीक्षा ली जाएगी। वन क्षेत्र पदाधिकारी की परीक्षा सुबह दस बजे से 12 बजे तक आयोजित होगी। वहीं, सहायक वन संरक्षक की परीक्षा दोपहर दो बजे से चार बजे तक आयोजित की जाएगी। पीटी में ऑब्जेक्टिव प्रश्न होंगे जो सामान्य अध्ययन से जुड़े 150 अंकों का होगा।

आयोग द्वारा निर्धारित पदों के 10 गुणा से कम अभ्यर्थी होने पर सीधे मुख्य परीक्षा लेने की घोषणा की गई है। इसमें चयन के लिए अभ्यर्थियों को प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार शारीरिक परीक्षण, चिकित्सीय परीक्षण से गुजरना होगा। दोनों पदों के लिए कृषि, कृषि अभियांत्रिकी, जंतु विज्ञान, गणित, भूगर्भ शास्त्र, भौतिकी, पशुपालन व पशु चिकित्सा विज्ञान, रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान में से किसी एक में स्नातक या सिविल, मैकेनिकल केमिकल में किसी एक में इंजीनियरिंग की डिग्री होना अनिवार्य है।

## सावन की दूसरी सोमवारी पर शिवालयों में दिनभर होता रहा जलाभिषेक



मेट्रो रेज

**रांची :** पहाड़ी मंदिर, चुटिया स्वर्णरेखा नदी के तट स्थित सुरेश्वर धाम शिव मंदिर के अलावा राजधानी के सभी शिवालयों में पावन सावन माह कि दूसरे सोमवारी को शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। श्रद्धालु अपने अराध्य देव में जलाभिषेक के लिए अहले सुबह से ही शिवालयों में आ गये थे। अपने बारी आने तक सबों ने इंतजार किया और जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना की और अपने मुरादें मांगी। श्रद्धालुओं को किसी तरह ही परेशानी नहीं हो इसके लिए मंदिर समिति की ओर से तगड़ा सुरक्षा की व्यवस्था की गयी थी। यह बता दें कि चुटिया स्वर्णरेखा नदी के तट पर स्थित सुरेश्वर धाम श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। सावन में प्रतिदिन हजारों की संख्या में शिवभक्त बाबा भोले का दर्शन करने आते हैं। समिति की ओर से श्रद्धालुओं को कतारबद्ध होकर जलाभिषेक करने की व्यवस्था की गयी है। शिव भक्तों के बोल बम और हर-हर महादेव के नारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया. बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया और महाआरती हूई। विशेष आरती में सैकड़ो की संख्या में महिलाऐं एवं पुरुष शामिल हुए। आरती के उपरांत 111 किलो खीर का भोग वितरण किया गया इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश साहू, महासचिव संतोष कुमार, ऋतिक राज, आलोक कुमार, कृष्णा साहू उर्फ गुड्डू, गुंजा तिर्की, मनपुरण नायक, रतन लाल, विक्रम साहू, छत्रधारी महतो, रंजीत राम, शत्रु नायक, दशरथ साहू, नरेन्द्र साहू सहित सभी मंदिर कमेटी के सदस्य शामिल होकर पूजा अर्चना की।

## पूर्व डीसी छवि रंजन व विष्णु अग्रवाल के डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई 12 अगस्त को

**रांची :** चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम केस के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और न्यूक्लियस मॉल के मालिक व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर रांची के पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। सोमवार की सुनवाई के दौरान एऊ की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया। जिसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 12 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। दरअसल, रांची के बड़गाईं अंचल के चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में रांची के पूर्व उपायुक्त आइएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को गिरफ्तार किया था। सभी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल भी हो चुकी है। ईडी ने व्यवसायी विष्णु अग्रवाल को भी गिरफ्तार करके जेल भेजा था। विष्णु अग्रवाल फिलहाल जमानत पर हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी, व्यवसी विष्णु अग्रवाल को दूसरे मामलों की भी जांच कर रही है। पिछले महीने इडी के अधिकारियों ने शहर के सर्कुलर रोड स्थित न्यूक्लियस मॉल की मापी की थी। आरोप है कि इस मॉल के निर्माण में भी गड़बड़ियां हैं। हलांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गड़बड़ियां किस स्तर पर की गई थी।

## आजसू का सदस्यता महाअभियान शुरू



मेट्रो रेज

**रांची :** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का सदस्यता अभियान श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय से प्रारंभ किया गया। आजसू पूरे एक माह तक सदस्यता अभियान पूरे राज्य के विभन्न विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में चलाएगी। सदस्यता अभियान के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा एवं निर्मल महतो की चित्र पर माल्यार्पण करके सदस्यता अभियान की शुरूवात किया । शुभारंभ के दौरान आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि आजसू का मूल्य उद्देश्य ही युवाओं को संगठित करना है। पहले आजसू के बैनर तले छात्र और युवा राज्य अलग करने के लिए संगठित हुए थे । आज राज्य के युवाओं एवं छात्र-छात्राओं के हक और अधिकार के लिए संगठित करने का प्रयास कर रही है। विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में चलाए जाने वाले सदस्यता अभियान के जरिए छात्र छात्राओं को संगठित करने एवं उनके हक अधिकार के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। आजसू के श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि आजसू की विचार धारा अन्य संगठनों से भिन्न है। आजसू पूरे वर्ष भर कैंपस में सक्रिय रहती है । विश्वविद्यालय , महाविद्यालय से लेकर राज्यवापी युवा एवं छात्र छात्राओं के मुद्दों को लेकर प्रयासरत और सक्रिय रहती है यही कारण है कि आजसू के प्रति छात्र और युवाओं का रुझान तेजी से बढ़ा है । सदस्यता अभियान के दौरान सैकड़ो छात्राओं ने आशु की विचारधारा एवं कार्यों पर आस्था व्यक्त करते हुवे सदस्यता ग्रहण किया । इस सदस्यता अभियान के दौरान मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ,सचिन ,जमाल गद्दी ,श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष आनंद यादव,कार्यकारी अध्यक्ष राजेश सिंह, वरीय उपाध्यक्ष अंकित सिंह, महासचिव बबलू मंडल,आदित्य कुमार, विजय यादव,प्रभाकर पाठक ,लिली कुमारी,सारा विश्वास, सुरभि कुमारी, यश सोनी,प्रभाकर कुमार,पंकज कुमार, सनोज कुमार,फैजल खान,अभिषेक कुमार व अन्य उपस्थित थे ।

## झारखंड का अस्तित्व मिटाना चाहती है भाजपा : प्रदीप यादव

मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र का दूसरा दिन सोमवार को हंगामेदार रहा। सदन के बाहर और अंदर सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे पर जमकर निशाना साधा। प्रदीप यादव ने भाजपा पर झारखंड का विभाजन करने का आरोप लगाया। उनका इशारा भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान पर था। उन्होंने कहा कि झारखंड के अस्तित्व को भाजपा मिटाना चाहती है। जम्मू-कश्मीर को भी इनलोगों ने बांटने की कोशिश की। चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा।

कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि भाजपा के नेता कहते हैं कि बांग्लादेशी घुसपैठिये आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे हैं, बच्चा पैदा कर रहे हैं। ये आदिवासी महिलाओं का अपमान है। इसके लिए इन्हें क्षमा मांगनी होगी।

### सहायक पुलिसकर्मियों की मानदेय वृद्धि पर सरकार का जवाब स्पष्ट नहीं : विनोद

भाकपा माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि सहायक पुलिसकर्मियों की मानदेय वृद्धि और नियुक्ति में प्राथमिकता को लेकर सरकार का जवाब स्पष्ट नहीं है। इस पर सरकार ने जवाब देते हुए कहा कि सहायक पुलिसकर्मियों के विभिन्न मांगों के संदर्भ में सरकार द्वारा गठित समिति में शामिल विधायक और सहायक पुलिसकर्मियों के प्रतिनिधि के साथ हुए समझौता के क्रम में कार्रवाई जारी है। विनोद सिंह ने पूछा था कि क्या सरकार सहायक पुलिसकर्मियों की सेवा विस्तार, मानदेय वृद्धि और स्थायी नियुक्ति में प्राथमिकता देने का विचार रखती है? सरकार के साथ हुए समझौते के बाद सहायक पुलिसकर्मियों का आंदोलन स्थगित कर दिया। सरकार के प्रतिनिधि के साथ हुई बातचीत के बाद यह तय हुआ कि सहायक पुलिसकर्मियों के मानदेय में 30 फीसदी की बढ़ोत्तरी की जाएगी। मतलब करीब 3000 रुपये की बढोत्तरी मानदेय में प्रतिमाह सहायक पुलिसकर्मियों की बढ़ोत्तरी हो जायेगी। साथ ही उन्हें सिपाही की तर्ज पर छुट्टी भी दी जाएगी। सिपाही की तर्ज पर वर्दी भत्ता भी दिया जाएगा। अगले एक वर्ष के लिए सहायक पुलिसकर्मियों का होगा सेवा विस्तार होगा।

### झारखंड चौकीदार, पंचायत संघ व झारखंड रसोइया संघ ने घेरा सड़क

**रांची:** झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन एक ओर सदन में हंगामा होता रहा। वहीं दूसरी ओर सदन के बाहर जगन्नाथ मंदिर के पास झारखंड दफादार चौकीदार, पंचायत संघ और झारखंड रसोइया संघ ने सड़क को घेर लिया है। सभी वहां अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। सैकड़ों की संख्या पहुंचे ये लोग सड़क जाम कर बैठे हैं।

## सूक्ति

मन एक भीरु शत्रु है जो सदैव पीठ के पीछे से वार करता है।
- प्रेमचंद

## मनु का कमाल

**जब** पूरा देश यह आस लगाए बैठा है कि पेरिस ओलिंपिक में हमारे ऐथलीट तोक्यो में जीते अब तक के सबसे ज्यादा 7 पदकों का रेकॉर्ड तोड़कर नई और लंबी लकीर खींचेंगे, तब मनु भाकर की जीत की खबर ने स्वाभाविक ही सबका जोश कई गुना बढ़ा दिया है। उनका यह ब्रॉन्ज मेडल सिर्फ इसलिए महत्वपूर्ण नहीं है कि यह पेरिस ओलिंपिक में किसी भारतीय ऐथलीट का पहला मेडल है। इस उपलब्धि की ऐतिहासिक चमक के पीछे कई और बातें हैं। पहली बात तो यह कि मनु ने ब्रॉन्ज मेडल पर कामयाब निशाना लगाकर एक साथ कई कीर्तमान स्थापित कर दिए हैं। वह ओलिंपिक मेडल जीतने वाली देश की पहली महिला शूटर हो गई हैं। इससे पहले इस ऑल बॉयज क्लब में राज्यवर्धन सिंह राठौर, अभिनव बिंद्रा, गगन नारंग और विजय कुमार ही थे। यही नहीं, मनु पिछले 20 साल में किसी इंडिविजुअल इवेंट में ओलिंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला भी बनीं। 10 मीटर एयर पिस्टल मुकाबले में तो आज तक कोई महिला शूटर ओलिंपिक फाइनल में भी नहीं पहुंची थी। मनु जिस मंजिल पर पहुंची हैं, उसे उनकी उतार-चढ़ाव भरी यात्रा भी खास बनाती है। मात्र 19 साल की उम्र में तोक्यो ओलिंपिक तक पहुंचकर वहां अचानक पिस्टल खराब होने की वजह से चूक जाना किसी भी टीनेजर के लिए कितना बड़ा झटका होगा, यह आसानी से समझा जा सकता है। मनु न केवल उस झटके से उबरीं बल्कि अगले ही ओलिंपिक में जीत दर्ज कराकर अपनी फाइटिंग स्पिरिट का सिक्का जमा लिया। सबसे बड़ी बात यह है कि मनु महज एक ऐथलीट नहीं हैं। वह युवा ऐथलीटों की उस पूरी कौम की नुमाइंदगी करती हैं जो देश का गौरव बढ़ाने के अभियान में लगे हैं। चाहे नीरज चोपड़ा हों या पीवी सिंधु या विनेश फोगाट और मीराबाई चानू- ये उन दर्जनों नामों में शुमार हैं जो अपना खून-पसीना जलाते हुए देश का मान बढ़ाने में लगे हैं। इनमें से कई नाम अगले कुछ दिनों में देश को सुनहरी आभा प्रदान करें तो आश्चर्य नहीं। इसी बिंदु पर उन प्रयासों को दर्ज करना भी महत्वपूर्ण हो जाता है जिनकी बदौलत ये खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर पा रहे हैं। चाहे सरकार की ओर से मुहैया कराई जाने वाली सुविधाएं हों या भारतीय कॉरपोरेट जगत की ओर से स्पॉन्सर की जाने वाली सहूलियतें- इनका ऊंचा होता ग्राफ ही वह माहौल बनाता है जिसमें खिलाड़ी ऊंचे मनोबल के साथ पदक तक पहुंचने वाली छलांग लगा पाता है। गौर करने की बात है कि पिछले आयोजनों के मुकाबले पेरिस ओलिंपिक में इंडिया इंक ने अपना निवेश 30-40 फीसदी बढ़ाया है। मनु की ताजा उपलब्धि की खासियत यही है कि इसमें पूरे देश की भावना, उत्साह और प्रोत्साहन की झलक दिख रही है।

## विकसित अभी सपना है

**वर्ष** 2047 तक भारत को विकसित देश के रूप में देखना फिलहाल एक सुखद सपना है। किसी वर्ग के लिए यह संकल्प और महत्वाकांक्षा भी है। कोई स्वतंत्र देश 100 साल में ही विकसित श्रेणी में आ जाए, यह बेहद दुर्लभ लक्ष्य है। लक्ष्य दुर्लभ ही हुआ करते हैं। यह अभियान प्रधानमंत्री मोदी ने ही शुरू किया था और उसे निरंतर भी बनाए रखा। अब तो नीति आयोग के स्तर पर दृष्टिकोण पत्र भी बना लिया गया है। उसमें दो लक्ष्य फिलहाल असाध्य लगते हैं। एक, देश की प्रति व्यक्ति आय 15 लाख रुपए सालाना तक पहुंचाना। दूसरा, गरीबी मुक्त गांव बनाना। यानी जिस गांव में कोई गरीब न हो और गरीबी के हालात भी न हों। फिलहाल देश की प्रति व्यक्ति आय औसतन 2 लाख रुपए सालाना है। कुछ 1.75 लाख रुपए के करीब मानते हैं। यानी 7-8 गुना आमदनी बढ़ानी होगी। आकलन है कि 2047 तक देश की जीडीपी 30 ट्रिलियन डॉलर होनी चाहिए। फिलहाल भारत की जीडीपी करीब 3.75 ट्रिलियन डॉलर है। यानी 8-9 गुना जीडीपी बढ़ानी होगी। यह उस देश के संदर्भ में असंभव-सा लगता है, जिसके 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अन्न बांटा जा रहा है। जहां अब भी 20-22 करोड़ लोग गरीबी-रेखा के तले जीने को अभिशप्त हैं। यह संभव हो सकता है कि अंबानी, अडानी सरीखे उद्योगपतियों की आय के आधार पर जीडीपी का आकलन किया जाए। अधिकांश भारतीय गरीब हैं अथवा निम्न मध्यवर्गीय हैं। उनकी आमदनी कुबेरपतियों की आय के किसी विशेष मद के मद्देनजर मान ली जाए। भारत की आर्थिक असमानता बेनकाब न हो और 5 ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य भी हासिल कर लिया जाए। दरअसल भारत का गांव आज भी जर्जर और बेहाल है। कुछ गांवों को चमका दिया जाता है, लेकिन उस चमकदार परत के नीचे का यथार्थ क्या है, शायद नीति आयोग भी नहीं जानता। दृष्टिकोण पत्र में उल्लेख किया गया है कि गरीबी मिटाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिल कर 24 घंटे 7 दिन शुद्ध पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और बिजली की उपलब्धता पर काम करें। युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और उद्यमी बनाने के लिए उन्हें कौशल विकास के प्रशिक्षण देने सहित अन्य कदम उठाए जाएं। हमारी सलाह है कि प्रधानमंत्री, उनकी सरकार, सत्तारूढ़ी मुख्यमंत्री और नीति आयोग की अलग-अलग गंभीर समितियां बनाई जाएं। वे आम आदमी की तरह राजधानी दिल्ली के ही ग्रामीण और गरीब इलाकों के सर्वेक्षण कर लें। देश का यथार्थ सामने आ जाएगा कि विकसित वाला दर्जा हासिल करना कितनी दूर है? बेशक पंजाब के 97 फीसदी से ज्यादा घरों तक पेयजल उपलब्ध है और इस संदर्भ में वह प्रथम स्थान पर है, लेकिन 33.5 फीसदी पेयजल की स्थिति के साथ बिहार सबसे नीचे है। 2022 में भारत में 61.5 फीसदी ग्रामीण आबादी को पाइप जल आपूर्ति के जरिए अपेक्षाकृत सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल मिल रहा था। आज कुछ स्थिति सुधरी होगी! नीति आयोग ने भी इसी गर्मियों में, राजधानी दिल्ली के विभिन्न इलाकों में, पानी के लिए तरसती, लड़ती और आक्रोशित आबादी को देखा होगा! देश के पिछड़े, अनधिकृत और गरीब इलाकों में सामान्य पानी की उपलब्धता की कल्पना की जा सकती है। देश के जीडीपी का कितना फीसदी हिस्सा भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च किया जा रहा है, नीति आयोग केवल बजट के आवंटनों को ही देख ले। दृष्टिकोण पत्र में विकसित भारत के सामाजिक संकेतकों का भी आकलन किया गया है। मसलन-2047 में भारतीयों की औसत आयु 84 साल होगी। अभी यह उम्र 71 साल है। कुल प्रजनन दर तब गिर कर 1.8 रहनी चाहिए, जो अभी 2.03 है। इसके मायने ये नहीं हैं कि देश की आबादी कम होगी। हमारी आबादी तब 165 करोड़ के करीब होगी। उसमें 112 करोड़ लोग कामकाजी आयु वर्ग के होंगे। इतनी आबादी को रोजगार और नौकरी मुहैया कराने के संसाधन कितने होंगे, क्या इस पक्ष पर विचार किया जा रहा है? जिस तरह कुछ मुख्यमंत्रियों ने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार किया, उससे सवाल उठते हैं कि केंद्र और राज्यों में सामंजस्य कैसे होगा, नीति क्रियान्वयन कैसे होगा व निवेश कैसे बढ़ेगा?

# प्रकृति, शिव और समाज से जोड़ती है कांवड़ यात्रा

**धार्मिक आस्थाओं के साथ सामाजिक सरोकारों से रची कांवड़ यात्रा वास्तव में जल संचय की अहमियत को उजागर करती है। कांवड़ यात्रा की सार्थकता तभी है जब आप जल बचाकर और नदियों के पानी का उपयोग कर अपने खेत-खलिहानों की सिंचाई करें और अपने निवास स्थान पर पशु-पक्षियों और पर्यावरण को पानी उपलब्ध कराएं तो प्रकृति की तरह उदार शिव सहज ही प्रसन्न होंगे। विभिन्न धमार्चार्यों का भी यही मत है शिव की सच्ची उपासना केवल पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन से ही संभव है। कलियुग में विषपान करने के लिए शिव ने ही पौधों का रूप लिया है। गंगा सहित सभी नदियां शिव की तरह जीवनदायिनी हैं।**

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**कांवड़** का अर्थ है परात्पर शिव के साथ विहार। अर्थात ब्रह्म यानी परात्पर शिव, जो उनमें रमण करे वह कांवड़िया। प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में लाखों की तादाद में कांवड़िए दूर-दराज से आते हैं और अपने आसपास के स्थानों से गंगा जल भरते हैं, तत्पश्चात पदयात्रा कर अपने-अपने स्थानों को वापस लौट जाते हैं। इसी यात्रा को कांवड़ यात्रा कहा जाता है। फिर चतुर्दशी के दिन उस गंगा जल से अपने आसपास शिव मंदिरों में शिव का अभिषेक किया जाता है और शिव जी से अपनी और अपनों की सुख शांति की प्रार्थना की जाती है। कहने के लिए तो ये बस एक धार्मिक आयोजन मात्र है, लेकिन इसका सामाजिक और धार्मिक महत्व बहुत है। इसका सामाजिक सरोकार भी है।

कांवड़ के माध्यम से जल की यात्रा का यह पर्व सृष्टि रूपी शिव की आराधना के लिए है। जल आम आदमी के साथ-साथ पेड़-पौधों, पशु-पक्षियों, धरती में निवास करने वाले हजारों-लाखों तरह के कीड़े-मकोड़ों और समूचे पर्यावरण के लिए बेहद आवश्यक तत्व है। उत्तर भारत की भौगोलिक स्थिति को देखें तो यहां के मैदानी इलाकों में मानव जीवन नदियों पर ही आश्रित है। कांवड़िए जलस्रोत से एक बार जल भरकर उसे अभीष्ट कर्म के पूर्व अर्थात शिवजी को अर्पण करने के पहले भूमि पर नहीं रखते हैं। इसके मूल में भावना यह है कि जलस्रोत से प्रभु को सीधे जोड़ा है जिससे धारा प्राकृतिक रूप से उन पर बनी रहे एवं उनकी कृपा हमारे ऊपर भी सतत धारा के अनुसार बहती रहे जिससे संसार सागर को सुगमता से पार किया जा सके।

भोलेनाथ के भक्त यूं तो साल भर कांवड़ चढ़ाते रहते हैं, लेकिन सावन में इसकी धूम कुछ ज्यादा ही रहती है क्योंकि यह मास भगवान शिव को समर्पित है। अब तो उत्तर भारत में खासतौर पर दिल्ली-एनसीआर, पश्चिमी व पूर्वी यूपी में कांवड़ यात्रा एक पर्व कुंभ मेले के समान एक महाआयोजन का रूप ले चुकी है। काशी और देवघर में भी कांवड़ यात्रा का खासा महत्व है। पिछले डेढ़ दशक में कांवड़ यात्रा की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

बहुत कम लोग जानते हैं कि भगवान शिव पर सबसे पहले कांवड़ किसने चढ़ाया और इसकी शुरूआत कैसे हुई। कुछ कथाओं के भगवान परशुराम ने अपने आराध्य देव शिव के नियमित पूजन के लिए पुरा महादेव में मंदिर की स्थापना कर कांवड़ में गंगाजल से पूजन कर कांवड़ परंपरा की शुरूआत की, जो आज भी देशभर में काफी प्रचलित है। कांवड़ की परंपरा चलाने वाले भगवान परशुराम की पूजा भी श्रावण मास में की जानी चाहिए। पौराणिकता मान्यता है कि कांवड़ यात्रा एवं शिवपूजन का आदिकाल से ही अन्योन्याश्रित संबंध है। महाकवि कालिदास ने हिमालय को शिव का प्रतिरूप बताते हुए इसके सांस्कृतिक, भौगोलिक और धार्मिक महत्त्व को रेखांकित किया है। यों भी कह सकते हैं कि कांवड़ यात्रा शिव के कल्याणकारी रूप और निष्ठा के नीर से उसके अभिषेक को तीव्र रूप में प्रतिध्वनित करती है।

उत्तर भारत में भी गंगाजी के किनारे के क्षेत्र के प्रदेशों में कांवड़ का बहुत महत्व है। राजस्थान के मारवाड़ी समाज के लोगों के यहां गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बदरीनाथ के तीर्थ पुरोहित जो जल लाते थे और प्रसाद के साथ जल देते थे, उन्हें कांवड़िए कहते थे। ये लोग गोमुख से जल भरकर रामेश्वरम में ले जाकर भगवान शिव का अभिषेक करते थे। दरअसल, यह एक प्रचलित परंपरा थी। लगभग 6 महीने की पैदल यात्रा कर-के वहां पहुंचा जाता था। इसका पौराणिक तथा सामाजिक दोनों महत्व है। इससे एक तो हिमालय से लेकर दक्षिण तक संपूर्ण देश की संस्कृति में भगवान का संदेश जाता था। इसके अलावा भिन्न-भिन्न क्षेत्रों की लौकिक और शास्त्रीय परंपराओं के आदान-प्रदान का बोध होता था, लेकिन अब इस परंपरा में परिवर्तन आ गया।

कांवड़ यात्रा का धार्मिक महत्व तो जगजाहिर है, लेकिन इस कांवड़ यात्रा से वैज्ञानिकों ने उत्तम स्वास्थ्य भी जोड़ दिया है। प्रकृति के इस खूबसूरत मौसम में जब चारों तरफ हरियाली छाई रहती है तो कांवड़ यात्री भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए पैदल चलते हैं। पैदल चलने से हमारे आसपास के वातावरण की कई चीजों का सकारात्मक प्रभाव हमारे मन मस्तिष्क पर पड़ता है। चारों तरफ फैली हरियाली आंखों की रोशनी बढ़ाती है। वहीं ओस की बूंदे नंगे पैरों को ठंडक देती हैं तथा सूर्य की किरणें शरीर को रोगमुक्त बनाती हैं। ये यात्रा प्रकृति और मानव के संबंधों में नई उष्मा, निकटता एवं प्रेम को बढ़ाती है। डॉक्टरों के मुताबिक धार्मिक चेतना से मानव जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कांवड़ यात्रा स्वास्थ्यप्रद होती है। पैदल, नाचते-गाते और दौड़ लगाते हुए शिवभक्त जाते हैं। इससे शरीर में खुशी के हार्मोंस जेनरेट होते हैं। व्यक्ति तनाव मुक्त हो जाता है। पैदल चलने से मांसपेशियां मजबूत होती हैं और हार्ट और फेफड़ों को शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है।

पवित्र गंगा को स्वर्ग अर्थात पहाड़ों से पृथ्वी अर्थात मैदानी इलाकों में लाने के लिए महान शिव के द्वारा जिस श्रमदान का आयोजन किया गया वह उस समय अत्यंत दुष्कर कृत्य रहा होगा। पर्वतों के बीच गमन करना और श्रमदान करना निश्चित ही कोई सुगम कार्य नही रहा होगा। कितने ही किसान-श्रमिक कर्तव्य की बलिवेदी पर न्योछावर हुए होंगे। यह बात वह शिव भक्त कांवड़िये आसानी से समझ सकते हैं जो गोमुख या उसके भी ऊपर ऊंचाइयों से जल लाने हेतु पैदल पद यात्रा करते हैं। उसी महान श्रमदान की स्मृति आज भी कांवड़ के विशाल आयोजन में संरक्षित दिखाई पड़ती है। संभवतः हताहत तथा कालकलवित हुए कृषकों व श्रमिकों की आत्मा की शांति की कामना के लिए उसी पवित्र जल से शिव को जलाभिषेक करने की उज्जवल परम्परा का विकास कांवड़ यात्रा में कहीं न कहीं दृष्टिगोचर होता है। इस तथ्य से यह भी जाना जा सकता है कि जो जल हमें आज इतनी आसानी से प्राप्त है वह कितना मूल्यवान है। नदियों से दूरदराज रहने वाले लोगों को पानी का संचय करके रखना पड़ता है। हालांकि मानसून काफी हद तक इनकी आवश्यकता की पूर्ति कर देता है तदापि कई बार मानसून का भी भरोसा नहीं होता है।

ऐसे में बारहमासी नदियों का ही आसरा होता है, इसके लिए सदियों से मानव अपने इंजीनियरिंग कौशल से नदियों का पूर्ण उपयोग करने की चेष्टा करता हुआ कभी बांध तो कभी नहर तो कभी अन्य साधनों से नदियों के पानी को जल विहिन क्षेत्रों में ले जाने की कोशिश करता रहा है। लेकिन आबादी का दबाव और प्रकृति के साथ मानवीय व्यभिचार की बदौलत जल संकट बड़े रूप में उभर कर आया है।

धार्मिक संदर्भ में कहें तो इंसान ने अपनी स्वार्थपरक नियति से शिव को रूष्ट किया है। कांवड़ यात्रा का आयोजन अति सुन्दर बात है। कांवड़ यात्रा में शामिल हर कांवड़िए को इस महत्वपूर्ण यात्रा महत्ता व अंतर्निहित संदेश को समझना होगा। प्रतीकात्मक तौर पर कांवड़ यात्रा का संदेश इतना भर है कि आप जीवनदायिनी नदियों के लोटे भर जल से जिस भगवान शिव का अभिषेक कर रहे हैं वे शिव वास्तव में सृष्टि का ही दूसरा रूप हैं। वास्तव में, धार्मिक आस्थाओं के साथ सामाजिक सरोकारों से रची कांवड़ यात्रा वास्तव में जल संचय की अहमियत को उजागर करती है। कांवड़ यात्रा की सार्थकता तभी है जब आप जल बचाकर और नदियों के पानी का उपयोग कर अपने खेत-खलिहानों की सिंचाई करें और अपने निवास स्थान पर पशु-पक्षियों और पर्यावरण को पानी उपलब्ध कराएं तो प्रकृति की तरह उदार शिव सहज ही प्रसन्न होंगे। विभिन्न धमार्चार्यों का भी यही मत है शिव की सच्ची उपासना केवल पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन से ही संभव है। कलियुग में विषपान करने के लिए शिव ने ही पौधों का रूप लिया है। गंगा सहित सभी नदियां शिव की तरह जीवनदायिनी हैं। इन्हें बचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

# सुनहरे कल को निगल गई भ्रष्ट व्यवस्था

**राष्ट्रीय राजधानी के पॉश इलाकों में संचालित कोचिंग सेंटर के हैं, दूसरे शहरों और कस्बों की बात ही क्या की जाए। इस साल जलभराव की वजह से दिल्ली की ये पहली घटना नहीं है। इससे पहले 22 जुलाई को यूपीएससी की तैयारी करने वाले एक छात्र की मौत करंट लगने से हो गई। असल में दो चार दिन के शोर गुल और कार्रवाई की नौटंकी के बाद व्यवस्था फिर से पुरानी पटरी पर दौड़ने लगती है। सौ प्रतिशत दावे के साथ कहा जा सकता है कि, राव कोचिंग सेंटर मामले में भी कार्रवाई और सख्ती की पुरानी स्क्रिप्ट दोहराई जाएगी। हादसे के बाद छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है।**

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**दिल्ली** की प्रतिष्ठित राव कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से देश की सबसे प्रतिष्ठित सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। ओल्ड राजेंद्र नगर के इस दर्दनाक हादसे ने देशवासियों को झकझोर दिया। जो युवा आंखों में सुनहरे भविष्य के सपने संजोकर अपना घर बाहर, सुख सुविधा छोड़कर दिल्ली परीक्षा की तैयारी के लिए गये थे, वो मुनाफाखोर कोचिंग संचालक की धूर्तता, सरकारी अमले की अकर्मण्यता और लापरवाही के चलते अपनी अमूल्य जिंदगी गंवा बैठे। सोचिये उनके परिवारों पर क्या बीत रही होगी। इस व्यवस्था के व्यवस्थापक इतने गैर जिम्मेदार और लज्जाहीन हैं कि उनकी नजर में किसी की जान की कोई कीमत ही नहीं है। ये हालात राष्ट्रीय राजधानी के पॉश इलाकों में संचालित कोचिंग सेंटर के हैं, दूसरे शहरों और कस्बों की बात ही क्या की जाए। इस साल जलभराव की वजह से दिल्ली की ये पहली घटना नहीं है। इससे पहले 22 जुलाई को यूपीएससी की तैयारी करने वाले एक छात्र की मौत करंट लगने से हो गई। असल में दो चार दिन के शोर गुल और कार्रवाई की नौटंकी के बाद व्यवस्था फिर से पुरानी पटरी पर दौड़ने लगती है। सौ प्रतिशत दावे के साथ कहा जा सकता है कि, राव कोचिंग सेंटर मामले में भी कार्रवाई और सख्ती की पुरानी स्क्रिप्ट दोहराई जाएगी। हादसे के बाद छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है। छात्र सरकार से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। छात्र व्यवस्थागत खामियों को गिना रहे हैं। छात्र नारेबाजी कर रहे हैं 'छात्रों की हत्या बंद करो'... इस मामले में दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। ये हादसा सरकार और कोचिंग संचालकों पर गंभीर सवालों के कठघरे में खड़े करता है। ये कोई पहला ऐसा हादसा नहीं है जब दिल्ली के कोचिंग सेंटरों में छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ हुआ है। 15 जून 2023 को दिल्ली में कोचिंग सेंटरों के हब मुखर्जी नगर में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने से 61 लोग झुलस गए थे। जांच में पता चला कि आग बिजली के मीटर में लगी थी, जो देखते-देखते पूरी बिल्डिंग में फैल गई। हादसे के वक्त कोचिंग सेंटरों में करीब 200-250 छात्र मौजूद थे। छात्रों ने आग से बचने के लिए खिड़कियां तोड़ीं, रस्सियों के सहारे नीचे उतरे और सीढ़ियों का सहारा लिया। कुछ छात्रों ने बचने के लिए तीसरी मंजिल से छलांग तक लगा दी। इसके अलावा 25 जनवरी 2020 को दिल्ली के भजनपुरा इलाके में कोचिंग सेंटर की दो छतें गिर गईं। इस हादसे में चार छात्रों समेत 5 लोगों की मौत हो गई वहीं 13 लोग घायल हो गए। दिल्ली हो या फिर कोई दूसरा शहर कमोबेश सरकारी अमले की कार्यप्रणाली एक समान ही होती है। हादसे के बाद प्रशासनिक अमला गहरी नींद से ऐसे जागता है मानो उन्हें इस बात का इल्म ही न हो कि उनके क्षेत्र या शहर में क्या अनियमितता हो रही हैं। जब कोई दुर्घटना घटती तब पता चलता है कि व्यवस्था में कितनी खामियां और छेद हैं। और इन खामियों और छेदों से छनकर आने वाला लाभ नीचे से ऊपर तक बंटता है। पूर्व की घटनाओं पर गौर किया जाए तो अधिकतर मामलों में दोषी साफ तौर पर बच जाते हैं, या मामूली सजा पाते हैं। हादसा की जिम्मेदारी तो संबंधित विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की भी होती है, लेकिन ऐसे मामलों में वो अपना पल्ला झाड़कर किनारे खड़े हो जाते हैं। बीती 14 अप्रैल 2024 को राजस्थान की कोचिंग नगरी कोटा के एक हॉस्टल में आग लगने से 8 स्टूडेंट्स झुलस गए। घटना के वक्त हॉस्टल में 60 से ज्यादा छात्र मौजूद थें आग लगने के बाद हॉस्टल में भगदड़ मच गई इस बीच एक छात्र ने अपनी जान बचाने के लिए चौथी मंजिल से छलांग लगा दी। जांच में हॉस्टल मालिक की बड़ी लापरवाही सामने आई। हॉस्टल मालिक ने अंदर ही बिजली का एक बड़ा ट्रांसफार्मर लगवाया हुआ था जिसमें शॉर्ट सर्किट होने से यह हादसा हुआ। लखनऊ के पॉश इलाके हजरतगंज में नवल किशोर रोड पर तीन मंजिला स्कॉलर्स फोरम टॉवर है। इसके पहले तल पर स्कॉलर्स फोरम कोचिंग चलता है। यहां छात्र-छात्राएं आईआईटी और नीट की तैयारी के लिए पढ़ाई करते हैं। दूसरी और तीसरी मंजिल पर हॉस्टल हैं। दूसरी मंजिल के हॉस्टल में 14 कमरों में कुल 28 छात्राएं रह रहीं हैं। 2 जून 2024 की शाम को छात्राएं अपने कमरे में थी। शाम करीब छह बजे तीसरी मंजिल के कमरा नंबर दो की एसी में शॉर्ट सर्किट से धमाका हो गया। इसके बाद तीन मंजिला हॉस्टल में आग लग गई। सभी कमरों में धुआं फैल गया। करीब 28 छात्राओं में चीख-पुकार मच गई। एक कमरे का शीशा तोड़कर हॉस्टल कर्मियों ने छात्राओं को बाहर निकाला। जानकारी मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

# चेतन या अचेतन रूप से

## चिंतन-मनन

**सद्गुरु जग्गी वासुदेव**

**अगर** आप जीवन व जीवन बनाने वाले पदार्थ जैसे धरती जिस पर आप चलते हैं, पानी जो आप पीते हैं, हवाएं, जिसमें आप सांस लेते हैं या फिर आकाश जो आपको थामे हुए है, के साथ जाने-अनजाने, सचेतन या अचेतन रूप से अपनी दूरी बना लेंगे तो विकृति तो आएगी ही। आज जो कीचड़ है, वही कल फूल बन सकता है, आज जो गंदगी है, वह कल फल बन सकती है, आज जो दुर्गंध है, वह कल सुगंध में बदल सकती है। अगर हम आपके निर्णय से चलें और सारी गंदगी को बाहर कर दें, तो आपके हिस्से में न कभी फूल आएगा, न फल और न ही खुशबू। इसलिए सबको साथ लेकर चलने की सोच कोई पसंद का मुद्दा नहीं है क्योंकि ब्रह्मांड की बनावट ऐसी है ही नहीं। आज जो इंसान है, वह कल मिट्टी हो जाएगा। अगर हमें आज ही यह समझ आ जाए, तो हम इसे योग कहते हैं। वरना अगर यही बात अंत में समझ आती है, तो हम इसे अंतिम संस्कार कहते हैं। बेहतर होगा कि यह अनुभूति आपको अभी हो जाए। आपको यह बात समझनी चाहिए कि आप फिलहाल भी इस धरती का वैसा ही अंश है, जैसा कि आप मरने के बाद होंगे। आप जिसे मैं कहते हैं या जिसे एक कीड़ा, केंचुआ या गंदगी कहते हैं, बुनियादी रूप से सब एक ही हैं। आप भोजन और कीचड़ के साथ एक जैसा व्यवहार नहीं कर सकते, लेकिन बिना कीचड़ के भोजन पैदा हो ही नहीं सकता। आज जो भोजन है, वह कल फिर से गंदगी में बदल जाएगा। अगर सबको समाहित करने का भाव नहीं होगा, तो जीवन में कोई जैविक एकता होगी ही नहीं। इस जैविक एकता के अभाव में इंसान का संघर्ष अंतहीन हो जाता है। शुरू में यह एक मानसिक समस्या के रूप में शुरू होगा। बाद में आप जैसे-जैसे तरक्की करेंगे, आप भावनात्मक रूप से निराशा से भर उठेंगे। अगर आप आगे और भी तरक्की करते हैं, तो यह एक शारीरिक रोग का रूप ले लेगा। जैसे-जैसे हम जीवन के साथ जैविक एकता खोते जाएंगे, वैसे-वैसे हमारी दशा खराब होती जाएगी। तब हम नई-नई बीमारियों की खोज करेंगे। वैसे दुनिया में इसकी शुरूआत हो चुकी है। अगर आप जीवन व जीवन बनाने वाले पदार्थ जैसे धरती जिस पर आप चलते हैं, पानी जो आप पीते हैं, हवाएं, जिसमें आप सांस लेते हैं या फिर आकाश जो आपको थामे हुए है, के साथ जाने-अनजाने, सचेतन या अचेतन रूप से अपनी दूरी बना लेंगे तो विकृति तो आएगी ही।तब आप एक गरिमापूर्ण जीवन न होकर, एक विकृत जीवन होंगे। अगर आप यह नहीं जानते कि सहज रूप से जीवन के एक अंश के रूप में कैसे रहा जाए, तो आप एक विकृत जीवन जी रहे हैं। आज पंचानवे फीसदी लोगों में यह विकृति है कि वह सहजता से एक जगह नहीं बैठ सकते। लोगों को हर वक्त कुछ न कुछ करने के लिए चाहिए। क्या आपको लगता है कि सारी आपाधापी इसलिए हो रही है, क्योंकि हर व्यक्ति इस बारे में पूरी तरह से स्पष्ट है कि वह क्या करना चाहता है?

## आपके पत्र

### देश का विकास उद्योग जगत पर निर्भर

**देश** के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने देश की आर्थिक व्यवस्था की मजबूती के लिए देश में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देना जरूरी माना था। देश की आर्थिक व्यवस्था के लिए जब जवाहरलाल नेहरू के समक्ष तीन प्रस्ताव पेश किए गए, जिनमें मुख्यतः पहला गांधीवादी विचारधारा का, दूसरा एमएन राय का, और तीसरा देश के मुख्य पूंजीपतियों की विचारधारा का था, तो जवाहरलाल नेहरू ने देश के उस समय के सबसे बड़े उद्योगपतियों टाटा-बिड़ला के प्लान को ही स्वीकार किया था। देश के विकास में उद्योग जगत की भूमिका हमेशा रही है। नेहरू यह मानते थे कि उद्योगों को बढ़ावा देने से ही देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत हो सकती है। इसलिए आज भी जरूरत है कि उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए।

**विकास चौहान, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### डीवीसी के 77वें स्थापना दिवस पर महिला एथलीट मीट आयोजित



**कोडरमाः** डीवीसी के 77वें स्थापना दिवस पर केटीपीएस के तत्वावधान में रविवार को महिला एथलीट मीट का आयोजन हुआ। महिला एथलीट में कई महिलाओं ने हिस्सा लिया। केटीपीएस के सीनियर जीएम दिलीप कुमार सिंह की पत्नी नीलम सिंह ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। महिलाओं ने विभिन्न स्पधाओं जैसे शॉटपुट, जेवेलिंग थ्रो, रिले रेस आदि में बड़े उत्साह और स्पोर्टी तरीके से भाग लेकर आकर्षक रूप से खेलों में अपनी क्षमता दिखाई। विभिन्न खेलों में विजेता हुई महिलाओं को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। नीलम सिंह ने डीवीसी के 77वें स्थापना दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दामोदर घाटी निगम, संयुक्त राज्य अमेरिका के टेनेसी वैली अथॉरिटी की तर्ज पर बना स्वतंत्र भारत की पहली बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना है, जो भारत देश के विकास का आधार बनकर मिल का पत्थर साबित हुई है। स्थापना दिवस पर आयोजित खेल में महिलाओं की भागीदारी एवं उनकी खेल क्षमता ने काफी रोमांचित किया है।

उन्होंने कहा कि आयोजन में महिलाओं ने अपनी सहभागिता देकर आज के स्थापना दिवस को और यादगार बनाया है। देश के विकास में आज महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज करने की जरूरत है। केटीपीएस के मुख्य अभियंता दिलीप सिंह ने परियोजना की नई योजनाओं के बारे में बताया एवं आयोजन में महिलाओं की भागीदारी की प्रसंशा करते हुए कहा कि खेल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है एवं यह आपसी भाईचारे को भी बढ़ाता है।

### करंट से मजदूर की मौत



**कोडरमाः** कोडरमा थाना क्षेत्र के तीनतारा में चेक डैम निर्माण के दौरान रविवार को करंट से कार्य में लगे मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के सतगावां प्रखंड के बासोडीह निवासी राजेंद्र मुर्मू (35) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार राजेंद्र मुर्मू चैक डैम निर्माण के कार्य में लगा हुआ था। वह ढलाई के लिए छड़ की कटिंग कर उसे सीधा कर रहा था। इसी दौरान कार्यस्थल के ऊपर से गुजरे तार से छड़ सट गया और उसे करंट का जोरदार झटका लगा। इसके बाद स्थानीय लोग तुरंत उसे सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्य घोषित कर दिया। घटना के बाद निर्माण कार्य में लगे सभी मजदूर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच-पड़ताल शुरू की।

### कांग्रेस की विशेष बैठक आयोजित



**साहिबगंज/बरहरवा :** रविवार को हरिहर पंचायत के हरिहर ग्राम में शमशुल शेख के आवास पर परगना में पूर्व जिला अध्यक्ष मोफक्कर हुसैन के अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ता की एक बैठक आहूत की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आने वाले विधानसभा चुनाव कैसे कांग्रेस का परचम पाकुड़ विधानसभा में भारी मतों से लहराया जाए।हर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को अपने आप में कांग्रेस सच्चे सिपाही के रूप में महसूस करते हुए समाज के कार्यो में जन जन तक पहुँचना है।इसके लिए कैसे लोगों तक कांग्रेस के विचारधारा को राहुल गांधी के बातों को हमारे अभिभावक पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के कार्यकाल एवं कार्य को जनता तक पहुंचना है। इसके लिए कार्यकर्ता कांग्रेस का घर-घर खटखट जागरूकता अभियान चलाएं । उतरेंगे विपक्ष का मुखौटा सरकार की जानकारी कल्याणकारी योजनाओं का होगा प्रचार।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, मुरसलीन खान,अमीरुल हक, मोहम्मद काजल,हजरत अली, जमीरूल इस्लाम,समसुल,अजफर, शहाबुद्दीन,मुजीबुर अहमद,हैदर अली,सोशल मीडिया जिला कोऑर्डिनेटर नेहाल अख्तर सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा



**साहिबगंज :** राज्य के मंत्री दीपिका सिंह पांडे से यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष एखलाक नदीमव ने रांची स्थित मंत्री के कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें बधाई दिया और फिर जिले में चल रहे योजनाओं को लेकर विस्तार पूर्वक बातचीत की वही उन्होंने बताया कि जिला के संगठन को मजबूत करने की दिशा में भी गंभीरता पूर्वक कई मुद्दे पर बातचीत हुई है ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ चुनाव लड़ा जा सके और राज्य में पुनः गठबंधन की सरकार हो,एखलाक नदीम ने जिला में किया गया कार्य जिसमें मुख्य रूप से पशुपालन और भूमि संरक्षण के द्वारा कुछ योजनाओं में मिली अनियमित की शिकायत पर गंभीरता पूर्वक बात किया गया है बहुत सी योजनाओं की जांच भी की जाएगी।इस परियोजनाओं को चिन्हित किया गया है।वहीं दूसरी और मंत्री दीपिका सिंह ने एखलाक नदीम को आस्वस्त किया कि कांग्रेस संगठन को मजबूत करना है इस दिशा में और भी कार्य किया जाएगा साथ ही जिस भी योजनाओं की शिकायत मिली है। उसकी भी जांच होगी।

### रैयती जमीन के अवैध कब्जे की शिकायत

**साहिबगंज :** छोटा पंचगढ़ निवासी तीन बहनों पुनिया देवी, सोनी देवी व बेबी देवी मोसेमात ने थाना में आवेदन देकर उनकी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की है। दिए आवेदन में उन्होंने बताया कि मौजा छोटा पंचगढ़ में उनके पुरखों की जमीन है। उनके पड़ोसी संतोष मुंडा, धांगड़ उर्फ लंगड़ा की नजर थी। 27 जुलाइ को संतोष मुंडा व अन्य उसकी जमीन पर मिट्टी भरने का काम करने लगा। जब तीनों बहन उसे रोकने पहुंचे तो लाठी लेकर उसने जान मारने की धमकी देते हुए चले जाने को कहा। किसी ने उसकी धमकी वाला वीडियो बनाया है। जो साक्ष्य के रूप में है। उक्त बहनों ने उचित कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# बच्चों के प्रति किए गए अपराधों के ज्यादातर मामलों में अपराधी कोई अपना ही होता है : अखिल कुमार

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** हमारे आसपास रहने वाले तमाम बच्चों को एक स्वस्थ जीवन जीने का हक है । शुरूआती दौर में ही बच्चों के साथ की गई। कोई भी छोटी सी छोटी लैंगिक अपराध की घटना उनके मन -मस्तिष्क को प्रभावित कर सकती है। बच्चों को ऐसी कुंठाओं और लैंगिक अपराधों से बचने के लिए सभी हित धारकों को अपनी- अपनी जिम्मेदारी निभाकर बच्चों को जागरूक किया जाए जिससे बच्चे निःसंकोच अपने माता-पिता को बताएं और माता-पिता का फर्ज है कि ग्राम स्तर पर जो भी लोग जिम्मेदार व्यक्ति हैं। उनको बताएं और पुलिस का फर्ज है।कि जैसे ही ऐसा कोई मामला संज्ञान में है एकदम तत्परता दिखाते हुए उसे मामले में जो भी उचित कानूनी कार्रवाई हो वह करना सुनिश्चित करें।उपर्युक्त बातें आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज के अध्यक्ष अखिल कुमार ने सिदो-कान्हू सभागार में आयोजित जिलास्तरीय पोक्सो एवं अन्य अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन पर बहु हितधारकों के लिए आयोजित कार्यशाला में कहीं ।



उन्होंने कहा कि आज विश्व भर में बच्चों के प्रति लैंगिक अपराध का चलन बहुत तेजी से बढकर चेतवानी का रूप ले चूका है।भारत में विश्व के कुल बच्चों की सबसे ज्यादा जनसंख्या रहती है और अन्य देशों की तुलना में भारत में बच्चों के प्रति ज्यादा लैंगिक अपराध ज्यादा होते हैं।परंतु मामले कम प्रकाश में आते हैं ।इसके कारण सामाजिक ताना-बाना, शिक्षा का स्तर और बहुत से कारण हैं।जो भी बहुत कम मामले रिपोर्ट हो पाते हैं। उनकी संख्या भी बहुत तेजी से बढ़ रही है इसका अर्थ बच्चों के प्रति लैंगिक अपराधों में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है` सभी हित धारक को अपनी भूमिका स्पष्ट रूप से पता होनी चाहिए कि उनका क्या रोल है।उनके माता-पिता को सबको जागरूक करें।आज स्थिति भारत में यह है कि हर तीन में से एक बच्चा किसी ने किसी रूप में कभी ना कभी यौन अपराध से पीड़ित हुआ है भले वह मामला रिपोर्ट हो या ना हो । आज सबसे ज्यादा जरूरत है। कि बच्चों को जागरूक किया जाए कि किसी भी तरह का कोई अपराध हो तो उसे निःसंकोच अपने माता-पिता को बताएं माता-पिता का फर्ज है कि ग्राम स्तर पर जो भी लोग जिम्मेदार व्यक्ति हैं उनको बताएं और पुलिस का फर्ज है कि जैसे ही ऐसा कोई मामला संज्ञान में आये एकदम तत्परता दिखाते हुए उसे मामले में जो भी उचित कानूनी कार्रवाई हो वह करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि ज्यादातर मामले में बच्चों के प्रति किए गए अपराधों में अपराधी कोई आसपास का आदमी होता है, कोई परिवार का ही लोग होता है या कोई बहुत नजदीकी हता है तो जरूरत है कि ऐसे मामलों को चिन्हीत करके दंड दिलवाया जाए ताकि समाज में यह मैसेज जाए कि अपराधी को घन घोर सजा मिली है।उपायुक्त हेमंत सती ने कहा की बदलते हुए परिवेश में हमारे जो विधि निमार्ता हैं उनके द्वारा इसकी गंभीरता को महसूस कर यह एक्ट पारित किया गया जो अपराधियों के घातक हैं ।उन्होंने कहा कि पीड़िता जिसके साथ गलत कार्य हुआ है । न्याय दिलवाने के साथ ही उसका रिहैबिलिटेशन भी जरूरी है। जिससे वह सोसाइटी में आत्म सम्मान के साथ अपना जीवन व्यतीत कर सके

आरक्षी अधिक्षक कुमार गौरव ने अपने पुलिस अधिकारियों को पोक्सो एक्ट या सेक्सुअल ऑफेंसेस में बेहतर अनुसंधान करने के बारे में कहा जिला न्यायाधीश सह अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश- तृतीय सह पोस्को अधिनियम बिरेन्द्र श्रीवास्तव ने उपस्थित हितधारकों को विस्तृत रूप से पोस्को अधिनियम के विषय पर जानकारी दी कार्यशाला में जिला न्यायाधीश प्रथम धीरज कुमार,सीजेएम धर्मेन्द्र कुमार, एसडीजेएम तुषार आनंद, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार , जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी, लोक अभियोजक आनंद चौबे , मुख्य लीगल एडं काउंसिल अरविंद गोयल व उनकी टीम, पुलिसकर्मी, पीएलभी व अन्य मौजूद थे।

### पोक्सो एक्ट पर डालसा ने किया कार्यक्रम का आयोजन




**दुमका :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से न्याय सदन में पॉक्सो एक्ट के तहत डिस्ट्रिक्ट लेवल मल्टी स्टेक होल्डर कंसल्टेशन कार्यक्रम रविवार को आयोजित हुई। कार्यक्रम झालसा, रांची के निदेर्शानुसार प्रधान जज सह प्राधिकार अध्यक्ष संजय चंद्ररदायी के निर्देश पर आयोजित हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला जज प्रथम, रमेश चंद्र, जिला जज, द्वितीय प्रकाश झा, जिला जज तृतीय राजेश सिन्हा, जिला जज चतुर्थ धर्मेंद्र कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक आकाश भारद्वाज एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उदघाटन किया। कार्यक्रम में पोक्सो एक्ट यानि प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफन्स एक्ट को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पॉक्सो अधिनियम को भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2012 में अधिनियमित किया गया था। इसके अंतर्गत बाल यौन शोषण, यौन उत्पीड़न एवं पॉनोग्राफी के विरुद्ध कार्रवाई के लिए कड़े प्रावधान किए गये है। इसके उल्लंघन से जेल के साथ जुमार्ने का भी प्रावधान है।

कार्यक्रम में पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए किस तरह केस को फ्रेम तैयार करना है। उसकी बारीकी को बताया गया। साथ ही पीड़िता को मुआवजा दिलाने की दिशा में कार्रवाई करने की बात को बताया गया। कार्यक्रम के अंत में पोक्सो एक्ट के संबंध में ओपन सेशन भी रखा गया। इसके अंतर्गत जिला जज प्रथम ने पोक्सो एक्ट की कार्यप्रणाली एवं इसमें आने वाले बाधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया। कार्यक्रम का मंच संचालन सहायक एलएडीसी ने किया।

## केंद्र सरकार आदिवासियों के प्रति संवेदनशील नहीं : हेमलाल मुर्मू



मेट्रो रेज

**साहिबगंज/बरहेट :** केंद्र में 2014 से एनडीए की सरकार चल रही है।झारखंड में भाजपा की डबल इंजन की सरकार भी रही।लेकिन सरकार चुप रही.विधानसभा चुनाव आने पर भाजपा को बांग्लादेशी घुसपैठियों की चिंता पकड़ ली है।ये बाते झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता हेमलाल मुर्मू ने रविवार को बरहेट मर अपने आवास में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कही।उन्होंने कहा कि घुसपैठियों के खिलाफ भाजपा सांसदों ने कभी संसद भवन में आवाज तक नहीं उठाई,लेकिन झारखंड लोकसभा चुनाव को देखकर बीजेपी बांग्लादेशी घुसपेठियो के नाम पर राजनीतिक कर रही है।झारखंड लोकसभा चुनाव में पांच आरक्षित सीटों पर इंडिया गठबंधन का कब्जा रहा।वहीं चुनाव परिणाम को देखकर बीजेपी बांग्लादेशी घुसपेठियो नाम पर राजनीतिक कर रही है। पिछले दिनों में गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे बांग्लादेसी घुसपैठियों के खिलाफ संसद भवन में आवाज उठाई, इसे राजनीतिक रंग देने का प्रयास कर रहा है।श्री मुर्मु ने कहा कि झारखंड लोकसभा चुनाव में आदिवासी एवं मुसलमान मिलकर बीजेपी को हराया है. चुनावी परिणाम को देखकर भाजपा को बांग्लादेसी घुसपैठियों का याद आ रही है।भाजपा के अधिकांश नेत्री गैर आदिवासी से शादी की है,जो बाबूलाल के कॉन्फ्रेंस में बैठते हैं।जब भी उनके यहां कार्यक्रम होते हैं उनका भोजन पकवान बनता है. इसीलिए भाजपा दोनों तरफ देखनी चाहिए।केंद्र सरकार आदिवासियों के प्रति संवेदनशील नहीं है।घुसपैठियों पर बात करना चुनावी राजनीतिक है। उन्होंने पाकुड़ केकेएम कॉलेज छात्रावास में हिंसक झड़प घटनाओं पर कई निंदा की।मौके पर झामुमो युवा नेता विकास मुर्मू मौजूद रहे।

## ढाबा में गोलीबारी के तीन आरोपी भेजे गए जेल, दो राइफल, नौ जिंदा गोली बरामद

मेट्रो रेज

**पलामू :** जिले के सतबरवा में शनिवार की रात में एक ढाबा में गोलीबारी की घटना में शामिल तीन आरोपितों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इन पर आरोप है कि एनएच-39 पर स्थित कंचन ढाबा में गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था। सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए जितेंद्र कुमार पांडे (44) राहुल कुमार (38) तथा सुरेंद्र विश्वकर्मा। (50) तीनों गढ़वा जिला के निवासी है। एसआई विश्वनाथ कुमार राणा ने



बताया की आरोपितों के पास से दो राइफल, नौ जिंदा गोली, एक खोखा तथा चार मोबाइल एवं एक स्कॉर्पियो व एक एसयूवी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपित पर कंचन ढाबा के संचालक सुधीर प्रसाद ने जान से मारने के नियत से ढाबा में आकर गोलीबारी करने का आरोप लगाया गया है। इस दौरान शराब मांगने के दौरान ढाबा संचालक ने शराब नहीं बेचने की बात कही थी। ढाबा संचालक द्वारा बताया गया कि यह फैमिली रेस्टोरेंट है, यहां पर शराब और बियर नहीं बेची जाती है। इसके बाद आक्रोशित आरोपियों ने वाहन से राइफल निकाली और फायर करनी चाही, गोली नहीं चलने के बाद दूसरा राइफल वाहन से लाकर एक फायर कर दिया। संचालक और आसपास के लोग जान बचाकर भाग खड़े हुए। घटना के बाद अफरातफरी का माहौल बन गया। जब्त रायफल के बारे में बताया गया कि दोनों लाइसेंसी है। फायरिंग करने वाले राजनीतिक हस्ती रखने वाले के रिश्तेदार हैं। इधर घटना के बाद कंचन ढाबा के संचालक से कुशल क्षेम पूछने वालों की भीड़ लगी रही।

### मां ने बेटे के लापता होने की प्राथमिकी दर्ज कराई

**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र से शनिवार को एक बालक लापता हो गया। पीड़ित मां ने रविवार को इसकी शिकायत थाना पुलिस से की। दिए आवेदन में कमल टोला निवासी पीड़िता सोनी मोसेमात ने बताया कि शनिवार को दोपहर 3 बजे उनका पुत्र ओवी कुमार 12 घर से बोलकर खेलने के लिए निकला। लेकिन देर रात तक वापस नहीं आया। रिश्तेदारों व आसपास काफी ढूंढ़ने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं । उन्होंने पुत्र की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

## ट्रक के धक्के से नानी की मौत, नाती घायल

मेट्रो रेज

**दुमका :** जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के हंसडीहा दुमका मुख्य मार्ग पर हंसडीहा स्थित जिला परिषद के डाक बंगला के समीप रविवार शाम ट्रक की चपेट में आने से एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान गोड्डा जिले के आसनबनी निवासी मेहरून निशा के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार गोड्डा के आसनबनी निवासी मेहरून निशा अपने नाती मुकर्रम अंसारी के साथ बाइक से दुमका जा रही थी। जैसे ही बाइक लेकर वे लोग हंसडीहा स्थित डाक बंगला स्थित ब्रेकर के पास पहुँचे ही थे की पीछे से दुमका की ओर जा रही ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक के पीछे बैठी महिला मेहरून निशा के सर पर ट्रक का पहिया चढ़ गया। महिला की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि मृतका के नाती मुकर्रम अंसारी घायल हो गया। घटना की सूचना पर एसआई कामेश्वर सिंह, मनीष सिंह, एलबी पासवान शिवजी सिंह, पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच शव को जब्त कर अपने कब्जे में लेकर घायल युवक को ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र सरैयाहाट पहुचाया। इधर घटना को अंजाम देकर भाग रहे ट्रक को पुलिस ओवरटेक कर रामगढ़ मोड़ के समीप पकड़ कर अपने कब्जे में ले लिया। खबर लिखें जाने तक थाना में आवेदन नहीं दिया गया था।

# जिले में खेल बैंक की स्थापना जल्द : उपायुक्त

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में गोपनीय कार्यालय कक्ष में जिला खेल कार्यालय द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई।

इस बैठक में जिला खेल पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि निदेर्शानुसार साहिबगंज जिला अंतर्गत तालझारी प्रखण्ड में प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम निर्माण हेतु प्रस्ताव विभाग को भेजा जा चुका है साथ ही राजमहल एवं बड़हरवा प्रखण्ड में इनडोर स्टेडियम निर्माण हेतु प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है। सिद्धो-कान्हू स्टेडियम साहिबगंज के गैलरी विस्तारीकरण का प्रस्ताव भी विभाग को भेजा जा चुका है। निर्देश दिया गया कि सिद्धो- कान्हू स्टेडियम के गैलरी विस्तारीकरण से पूर्व हाय एक्सटेंशन तारों को शिफ्ट करने हेतु कार्यकारी एजेंसी से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य किया जाए।जिला खेल पदाधिकारी ने बैठक में जानकारी दी कि पिछले महीने की



समीक्षात्मक बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में साहिबगंज जिला अंतर्गत प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षण खिलाड़ियों के लिए एक जिम ट्रेनर की नियुक्ति की गई है।प्रशिक्षण खिलाड़ियों का मासिक चिकित्सा जांच मेडिकल टीम के द्वारा कराया जा रहा है।उन्होंने बताया कि इस माह साहिबगंज6 खेल बैंक का स्थापना किया जाएगा। सिद्धो - कान्हू स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक का प्रस्ताव विभाग को भेजा जा चुका है एवं जिला अंतर्गत चार स्थानों पर ओपन जिम का अधिष्ठापन किया जा चुका है।उपायुक्त ने यह निर्देश दिया कि 15 अगस्त को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को जिला प्रशासन के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा जिसकी सूची जिला खेल पदाधिकारी तैयार करेंगे।15 नवंबर ,2024 को निमार्णाधीन फूलों- झानो इनडोर स्टेडियम का उद्घाटन किया जाना है। उपायुक्त ने निदेश दिया कि उद्घाटन से पूर्व इनडोर स्टेडियम में अधिस्थापित की जाने वाली सभी खेल सामग्रियों की व्यवस्था किया जाए।साथ ही उपायुक्त महोदय ने प्रखण्ड स्तर स्टेडियम का हस्तांतरण जिला परिषद साहिबगंज को करने का एवं जिला खेल कार्यालय साहिबगंज एवं चाँद -भैरव इनडोर स्टेडियम के लिए 25 केभीए रूफटॉप सोलर प्लेट अधिस्थापित करने का निर्देश दिए। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी, जिला पर्यटन पदाधिकारी गौरव प्रियदर्शी एवं अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने की ग्रामीण कार्य विभाग व एनआरईपी विभाग की समीक्षा

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती ने अपने गोपनीय कार्यालय कक्ष में ग्रामीण कार्य विभाग व एनआरईपी अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं व कार्यों की समीक्षा की।बैठक में उपायुक्त ने ग्रामीण कार्य विभाग एवं एनआरईपी अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं, कार्यों की समीक्षा क्रमबद्ध रूप से की एवं सभी योजनाओं को दिए गये समय पर पूर्ण करने को कहा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर सहायक अभियंता दिवाकर मिश्रा,अरविंद मुर्मू, सुभाष सिंह, कनीय अभियंता बृज कुमार मल्लिक एवं अन्य उपस्थित थे।



# सावन के दूसरे सोमवार पर बाबा विश्वनाथ के दरबार में शिवभक्तों का उमड़ा रेला

## शाम को शिवभक्त बाबा के शंकर पार्वती स्वरूप का दर्शन पाएंगे, श्रद्धालुओं पर कमिश्नर ने की पुष्पवर्षा



**वाराणसी:** सावन माह के दूसरे सोमवार पर काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ के दरबार में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ रहा है। बाबा के स्वर्णमंडित दरबार से गंगा तट तक बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारे गूंज रहे हैं। शिवभक्तों और कांवड़ियों से बाबा विश्वनाथ के दरबार में जाने वाले मार्ग का हर कोना केसरिया दिख रहा है। दरबार में मंगला आरती के बाद शुरू हुआ जलाभिषेक और झांकी दर्शन का सिलसिला अनवरत जारी है। दूसरे सोमवार को बाबा के गौरीशंकर स्वरूप का श्रृंगार होगा। शाम को शिवभक्त बाबा के इस स्वरूप का दर्शन पाएंगे।

इसके पूर्व तड़के 3.30 बजे बाबा के पावन ज्योर्तिलिंग की विधि विधान से वैदिक मंत्रोंच्चार के बीच भव्य श्रृंगार कर मंगला आरती हुई। इसके बाद मंदिर का पट खुलते ही श्रद्धा की अटूट कतार स्वर्णिम दरबार के दरश-परश के लिए उमड़ पड़ी। दरबार में झांकी दर्शन कर श्रद्धालुओं ने अपने घर परिवार में सुख शान्ति के लिए बाबा से गुहार भी लगाई। रविवार देर शाम से ही शिवभक्त और कावंड़िये बाबा की एक झलक पाने और दर्शन पूजन के लिए कतारबद्ध होने लगे। मध्य रात्रि में मंदिर प्रशासन के अफसरों ने मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण के नेतृत्व में शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा की।

मध्यरात्रि के बाद लाइन में कतारबद्ध लाखों शिवभक्त उमस और गर्मी के बावजूद बाबा के पावन ज्योर्तिलिंग के दर्शन के लिए लालायित थे। बाबा धाम में पहुंचते ही हर-हर महादेव का उद्घोष बाबा के प्रति समर्पण उनके अंग-अंग से झलक रहा था। भोर से सुबह सात बजे तक लाखों श्रद्धालु बाबा का झांकी दर्श- और बाहर लगे करघेनुमा पात्र से जलाभिषेक कर चुके थे। बैरिकेडिंग में श्रद्धालुओं की लंबी कतार दर्शन पूजन के लिए प्रतीक्षारत थी। कांवड़िये दशाश्वमेध घाट पर गंगा स्नान के बाद पात्रों में जल भरकर मंदिर में दर्शन पूजन के लिए लाइन में लगते रहे। मंदिर के गेट नंबर चार से गोदौलिया और बुलानाला तक बनी बैरिकेडिंग से श्रद्धालु मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में गेट नंबर एक, दो से भी शिवभक्त रेड कार्पेट पर चलकर दरबार में पहुंच रहे हैं। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के अनुसार धाम तक बुजुर्ग श्रद्धालुओं को पहुंचाने के लिए मैदागिन और गोदौलिया से ई-रिक्शा व व्हीलचेयर की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।

उधर, सावन के दूसरे सोमवार पर मैदागिन से गोदौलिया, सोनारपुरा चौराहे तक, गुरुबाग से रामापुरा, बेनियाबाग तिराहे तक, ब्राडवे तिराहा से सोनारपुरा होकर गोदौलिया तक, भेलूपुर से रामापुरा चौराहे तक पैदल छोड़ सभी वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है। कतारबद्ध कावरियों और शिवभक्तों की सेवा में सामाजिक संगठनों, नागरिक सुरक्षा संगठन के साथ सपा भाजपा के कार्यकर्ता जगह-जगह शिविर लगाये हुए है। सावन माह के दूसरे सोमवार पर नगर के अन्य प्रमुख शिवालयों महामृत्युजंय, शूलटंकेश्वर महादेव, तिलभाण्डेश्वर महादेव, गौरी केदारेश्वर महादेव, त्रिलोचन महादेव, रामेश्वर महादेव, कर्मदेश्वर महादेव, सारंगनाथ, गौतमेश्वर महादेव, बीएचयू विश्वनाथ मंदिर, ओमकालेश्वर महादेव, लाटभैरव सहित सभी छोटे-बड़े शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है।

## सावन के दूसरे सोमवार पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी,हर–हर गंगे की गूंज

### नमामि गंगे के सदस्यों ने दशाश्वमेघघाट पर लोगों को गंगा की निर्मलता के लिए किया जागरूक

**वाराणसी:** पवित्र सावन माह के दूसरे सोमवार को तड़के लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और दानपुण्य किया । गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में कतारबद्ध होकर झांकी दर्शन कर बाहर बने पात्र के जरिए जलाभिषेक भी किया। सावन के दूसरे सोमवार पर ही नमामि गंगे ने दशाश्वमेध घाट पर गंगा निर्मलीकरण का आवाह्न किया। गंगा स्नान के लिए घाट पर उपस्थित श्रद्धालुओं को स्वच्छता का संकल्प दिलाया।



राष्ट्रध्वज, स्वच्छता स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया। 'आओ घर-घर अलख जगाएं- मां गंगा को निर्मल बनाएं' व 'सबका साथ हो गंगा साफ हो' के उद्घोष के बीच मां गंगा की आरती उतारी गई। गंगा किनारे की गंदगी को साफ किया गया। सफाई में श्रद्धालुओं ने भी हाथ बंटाया। संयोजक राजेश शुक्ला ने ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से दशाश्वमेध घाट पर हजारों की संख्या में मौजूद स्नानार्थियों से पॉलीथिन का उपयोग न करने की अपील की । कहा कि गंगा को प्रदूषित कर रही सड़ चुकी पूजन सामग्री , पुराने - नए कपड़े , प्लास्टिक , शीशे फोटो फ्रेम सहित तस्वीरें पॉलीथिन में भरकर गंगा में प्रवाहित करने से गंगा प्रदूषित हो रही है। जिसका प्रतिकूल प्रभाव मानव के स्वास्थ्य व पर्यावरण पर पड़ रहा है । पॉलीथिन में खाद्य पदार्थों का प्रयोग कर हम कई बीमारियों को निमंत्रण दे रहे हैं । शहरों की नालियां सीवर इत्यादि जाम हो जा रहे हैं । जीव-जंतुओं पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है । जीवनदायिनी नदियां प्रदूषित हो रहीं हैं। हमें पॉलीथिन से हो रहे नुक्सान को देखते हुए इसका परित्याग करना होगा ।

## ड्रोन व हेलीकाप्टर से होगी कांवड़ यात्रा की निगरानी व पुष्प वर्षाः योगी आदित्यनाथ

### आत्मानुशासन बनाये रखते हुए कांवड़ यात्रा को सफल बनायें

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ियों से अपील की है कि व्यवस्था के साथ जुड़कर पूरी श्रद्धा व विश्वास के साथ आत्मानुशासन बनाये रखते हुए सावन मास की कांवड़ यात्रा सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने में योगदान दें।



मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को कहा कि केन्द्र व प्रदेश शासन मिलकर श्रद्धालुजनों की सुरक्षा व उनकी सुगम यात्रा के लिए अनेक प्रबंध किये हैं। आवश्यकता के अनुसार ड्रोन व हेलीकाप्टर से निगरानी व पुष्प वर्षा की व्यवस्था की है। कहीं कोई अव्यवस्था न हो। कोई भी उनकी आस्था के साथ खिलवाड़ न करने पाये। इन सब बातों को ध्यान में रखकर उपाय किये गये हैं। सरकार बेहतरीन पेटरोलिंग के माध्यम से,स्वच्छता के माध्यम से,स्वास्थ्य के माध्यम से शिविर लगाकर अनेक प्रयास प्रारम्भ भी किये हैं।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देवाधिदेव महादेव का पावन मास सावन मास प्रारम्भ हो चुका है। सावन मास की कांवड़ यात्रा जग विख्यात है। पूरे भारत में खासकर उत्तर भारत में इस दौरान शिवभक्त महादेव के अनुष्ठान में लीन होकर सभी शिवालयों में जलाभिषेक के साथ अपनी असीम भक्ति का प्रदर्शन करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी शिवभक्त हैं। महादेव की कृपा हम सब बनी है। कोई भी पर्व व त्यौहार, कोई भी साधना बिना आत्मानुशासन के पूरी नहीं होती। सुगम व सुरक्षित यात्रा के लिए हमें अपने अन्तःकरण से बल्कि बाहरी रूप से भी पूरी प्र?क्रिया के साथ लीन होना पड़ेगा। शिवोभूत्वा शिवं यजेत। शिव बनने के लिए शिव जैसी साधना भी चाहिए। उस प्रकार का आात्मानुशासन भी चाहिए। तब कांवड़ यात्रा न केवल श्रद्धा व विश्वास की प्रतीक के रूप में बल्कि आमजन के व्यापक विश्वास की प्रतीक बनकर उभरेगी। उन्होंने कहा कि असीम श्रद्धा व सेवाभाव के साथ आमजन उनकी सेवा के लिए तत्परता के साथ काम कर रहे हैं।

## कानपुर-कबरई नेशनल हाइवे के समानांतरण फोरलेन का निर्माण फिर लटका



**हमीरपुर:**कानपुर-कबरई नेशनल हाइवे के समानांतरण फोरलेन का निर्माण फिर लटक गया है। अगले साल तक फोरलेन बनाने की तैयारी को बड़ा झटका लगने से अब इस खूनी हाइवे से ही आम लोग सफर करने को मजबूर होंगे। फोरलेन का काम खटाई में पड़ जाने को लेकर अब लोग यहीं कह रहे है कि बुंदेलखंड में सीटें हारने के कारण भाजपा के एजेंडे से फोरलेन गायब हो गया है। कानपुर नगर के नौबस्ता से कबरई नेशनल हाइवे के समानांतरण 112 किमी लम्बे फोरलेन बनाने के लिए एनएचएआई ने तीन हजार सात सौ करोड़ रुपये का प्लान बनाकर केन्द्र सरकार को भेजा था। लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने समानांतरण फोरलेन हाइवे को लेकर सर्वे भी कराया था। पिछले साल केन्द्रीय भूतत्व एवं सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने कानपुर में निमार्णाधीन रिंग रोड के शिलान्यास के दौरान रमईपुर-कबरई फोरलेन के निर्माण को लेकर शिलान्यास भी किया था। इसके शिलान्यास से बुंदेलखंड के कानपुर नगर, फतेहपुर, हमीरपुर और महोबा के लोगों को बड़ी खुशी हुई थी। यह फोरलेन चारों जिलों के 96 गांवों से होकर निकलना था। फोरलेन के लिए जगह भी चिन्हित की गई थी। भूमि अधिग्रहण की मंजूरी केलिए समिति की छह माह पहले बैठक भी हुई थी जिसमें अधिग्रहण के लिए प्रस्ताव तैयार कर केन्द्र सरकार को भेजा गया था। यहां के आम लोगों को बड़ी उम्मीद थी कि केन्द्र सरकार तीसरी कार्यकाल में इस फोरलेन का निर्माण कराएगी लेकिन लोगों की उम्मीदों पर पानी फेर गया है। फोरलेन न बनने से अब यहां के लोग रमईपुर, नौबस्ता, घाटमपुर, हमीरपुर, सुमेरपुर और कब$ई तक आए दिन जाम की समस्या से लोग जूझेंगे।

## लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की ओर से मनु भाकर को दी बधाई



**नई दिल्ली:** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को सदन की ओर से भारतीय महिला एथलीट मनु भाकर को बधाई दी। पेरिस ओलंपिक 2024 में रविवार को मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टर इवेंट में कांस्य पदक अपने नाम किया था। 22 वर्षीय भाकर ने कांस्य पदक के साथ निशानेबाजी में भारत के 12 साल के ओलंपिक पदक के सूखे को खत्म किया और भारत के लिए इसी स्पर्धा में पदक जीतने वाली पहली महिला निशानेबाज बन गईं। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर अध्यक्ष बिरला ने कहा कि 28 जुलाई को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टर स्पर्धा में भारत की मनु भाकर ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। वह इस स्पर्धा में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई हैं। उनकी सफलता से पूरे देश में उत्साह और उमंग का वातावरण बन गया है। उन्होंने कहा कि मैं सदन और अपनी ओर से मनु भाकर को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं। हम पेरिस ओलंपिक में भाग ले रहे अन्य खिलाड़ियों को भी शुभकामनाएं देते हैं। हम आशा करते हैं कि वे अपने शानदार प्रदर्शन से इन खेलों में देश का मान बढ़ाएंगे।

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी कीमत

**नई दिल्ली:** घरेलू सरार्फा बाजार में आज सावन के दूसरे सोमवार के दिन भी सोना और चांदी के भाव में गिरावट आई है। आज की गिरावट के कारण चेन्नई के अलावा देश के दूसरे सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट 69,140 रुपये से लेकर 68,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी सरार्फा बाजारों में 63,390 रुपये से लेकर 63,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोना 70 हजार रुपये के ऊपर और 22 कैरेट सोना 64 हजार रुपये के ऊपर बना हुआ है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी आज गिरावट आने के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में ये चमकीली



धातु 84,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 69,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 63,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 68,990 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 63,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 70,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 64,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 69,040 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 63,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 68,990 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 63,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 69,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 63,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 69,040 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 63,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 69,140 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 63,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोने की कीमत में गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 68,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 63,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## न्यूज ब्रीफ



### मां फ्लाईओवर पर फिर दुर्घटना, डिवाइडर से टकराकर पलटी गाड़ी

**कोलकाता:** कोलकाता शहर में मां फ्लाईओवर पर सोमवार तड़के एक गाड़ी डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हालांकि इस घटना में कार चालक और कार में सवार यात्री बाल बाल बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार में दो लोग सवार थे। उनमें से कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। कार साल्टलेक की ओर जा रही थी। मां फ्लाईओवर पर अनियंत्रित होकर कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। प्रारंभिक तौर पर अनुमान लगाया जा रहा है कि कार काफी तेज गति से आ रही थी। पुलिस जांच कर रही है कि हादसे के समय कार का चालक नशे में था या नहीं। घटना की खबर सुनकर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कार को सड़क से हटवाया जिसके बाद यातायात सामान्य हुआ।

### दिल्ली के कोचिंग स्टडी सर्कल केस में तीस हजारी कोर्ट ने दो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा




**नई दिल्ली:** दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने ओल्ड राजेंद्र नगर के राव कोचिंग स्टडी सर्कल में जलसैलाब से हुई तीन छात्रों की मौत के मामले में गिरफ्तार कोचिंग के मालिक समेत दो आरोपितों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दोनों को दिल्ली पुलिस ने देररात को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। तीस हजारी कोर्ट ने कोचिंग के मालिक अभिषेक गुप्ता और कोआर्डिनेटर देशपाल सिंह को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। दिल्ली पुलिस ने दोनों को 28 जुलाई को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इन दोनों के अलावा बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम की देखरेख करनेवाले निगमकर्मियों और दूसरे आरोपितों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। दिल्ली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 105, 106 (1), 115(2), 3(5) के तहत केस दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि राव आईएएस स्टडी सर्कल के बेसमेंट में लाइब्रेरी है। इस लाइब्रेरी में यूपीएससी की तैयारी कर रहे छात्र पढ़ाई कर रहे थे। इस बेसमेंट में अचानक आए पानी में पढ़ाई कर रहे तीन छात्र फंस गए और इनकी मौत हो गई। इस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट में एक याचिका राष्ट्रीय प्रवासी मंच ने दायर की है। याचिका में तीन छात्रों की मौत की स्वतंत्र जांच की मांग की गई है। साथ ही कोचिंग संस्थानों में पढ़ रहे छात्रों की सुरक्षा के उपाय करने की मांग की गई है। याचिका में इस घटना में मृतक तीन छात्रों के परिजनों को पर्याप्त मुआवजा देने की मांग की गई है।

### मंदिरों में डाकघर ने लगाया गंगाजल का काउंटर



**नवादा:** बिहार के चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार के निर्देश पर नवादा जिले के सभी शिव मंदिरों में सोमवार को गंगाजल तथा ऋषिकेश से लाए गए जल का काउंटर लगाकर श्रद्धालुओं को बीच वितरित किया गया। गंगाजल वितरण व्यवस्था के प्रभारी नवादा सिविल कोर्ट डाकघर के प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि धार्मिक भावनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा कल्याण के उद्देश्य गंगाजल का काउंटर खोला गया है ।ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उन्हें आसानी से मंदिर के निकट ही शुद्ध गंगाजल की उपलब्धता हो। इसी कारण गंगाजल का काउंटर लगाया गया। द्वितीय सोमवारी को भी नवादा जिला के विभिन्न विभिन्न शिवालों में गंगोत्री एवं ऋषिकेश का काउंटर लगाया गया। नवादा जिले के विभिन्न सेवाओं के काउंटर का उद्घाटन निखिल कुमार एमडी आरके कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया गया और विभिन्न मंदिरों के निकट गंगोत्री एवं ऋषिकेश का गंगाजल भी वितरण किया गया।

### बिहार के 11 जिलों में आंशिक बादल छाने के साथ छिटपुट बारिश की संभावना

**पटना:** राजधानी पटना समेत प्रदेश के 11 जिलो में आंशिक बादल छाए रहने के साथ कुछ स्थानों पर छिटपुट वर्षा की संभावना है। उत्तर बिहार के पश्चिमी भाग (पूर्वी चंपारण-पश्चिमी चंपारण) के एक या दो स्थानों पर मेघ गर्जन, वज्रपात व हल्की वर्षा को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिम चंपारण जिले के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी है। दो से दिनों के दौरान राज्य के तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार, बिहार के ऊपर मानसून की गतिविधि नहीं बनने के कारण झमाझम वर्षा में कमी आई है। ऐसे में दिन के तापमान व हवा में नमी की वृद्धि होने से लोगों को उमस भरी गर्मी अभी कुछ दिनों तक परेशान करेगी। बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अलग-अलग भागों में हल्की तो कहीं छिटपुट वर्षा दर्ज की गई। फारबिसगंज में 33.3 मिमी सर्वाधिक वर्षा दर्ज की गई। रविवार को पटना का अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 38.5 डिग्री सेल्सियस के साथ सीतामढ़ी (पुपरी) में प्रदेश का सर्वाधिक अधिकतम तापमान दर्ज हुआ। रविवार को सबसे अधिक बारिश फारबिसगंज में 33.3 मिमी, औरंगाबाद के मदनपुर में 28.2 मिमी, सुपौल के छातापुर में 24.2 मिमी, किशनगंज के चरघरिया में 22.2 मिमी, रोहतास के चेनारी में 20.0 मिमी, किशनगंज के ठाकुरगंज में 17.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई।



## बारिश से बहे डायवर्सन की हुई मरम्मत, आवागमन शुरू

**मांडर :** प्रखंड के बिरगोड़ा नदी में बारिश से बह गये डायवर्सन की रविवार को मरम्मत की गयी। मरम्मत के बाद डायवर्सन से आवागमन चालू हो गया है. टांगरबसली पचपदा मुख्य पथ में बिरगोड़ा नदी पर पुल निर्माण को लेकर बनाया गया यह डायवर्सन शुक्रवार की रात बारिश से बह गया था. डायवर्सन के बह जाने से पचपदा, तुतलो नवाटांड़, सरवा, डुमरी सहित कई अन्य गांवों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से टूट गया था. डायवर्सन के बह जाने से सबसे अधिक परेशानी मिशन नवाटांड़ में पढ़नेवाले डेढ़ हजार से अधिक स्कूली बच्चों को हुई थी, जो शनिवार को स्कूल नहीं जा सके थे। डायवर्सन के आवागमन के लायक बन जाने से स्कूली बच्चों व उनके अभिभावकों के साथ ही टांगर बसली पचपदा पथ से जुड़े ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है. हालांकि ग्रामीणों ने डायवर्सन के फिर से बारिश में बह जाने की आशंका जतायी है. इधर, मामले में पुल निर्माण से जुड़े कनीय अभियंता साहिल यादव ने बताया कि पथ में आवागमन बाधित न हो, इसे लेकर तात्कालिक तौर पर मिट्टी डालकर डायवर्सन को आवागमन के लायक बनाया गया है।

## युवक का शव बरामद

**चान्हो:** पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र के मेलानी नदी किनारे एक 26 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है। बाद में जिसकी शिनाख्त थाना क्षेत्र के ही लुंडरी गांव निवासी उपेंद्र उरांव के रूप में किया गया। मिली सूचना के अनुसार रविवार की सुबह कुछ ग्रामीणों ने नदी किनारे एक युवक का शव देख कर इसकी सूचना चान्हो पुलिस को दी। सूचना के आधार पर घटना स्थल पर पहुची पुलिस ने युवक की शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम केलिए रिम्स भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है युवक की मौत का कारण क्या है। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

## टेंपो ने पीसीआर वाहन को पीछे से मारी टक्कर



**मांडर:** एन एच 39 रांची डाल्टेनगंज फोरलेन पर मुड़मा पुल के निकट रविवार रात लगभग 8:30 बजे मांडर थाना के पीसीआर वाहन को पीछे से एक टेम्पो ने टक्कर मार दी जिससे टेम्पो चालक बंझिला ग्राम निवासी सिमोन एक्का पिता स्वः विजय एक्का गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पुलिस द्वारा उसे रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। जहा उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार पीसीआर वाहन में रविवार को पुलिस गश्ती पर थी। इसी दौरान मुड़मा पूल के निकट पीसीआर वाहन खड़ी थी। तभी दूध लदे एक टेम्पो ने पीछे से टक्कर मार दी। बताया जाता है की टेम्पो से दूध लेकर विजय उरांव कंदरी से ईटकी जा रहा था।

## चेकडैम में नहाने आए पांच नावालिगों में दो डूबे, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी



**सरायकेला:** जिले के आरआईटी थाना क्षेत्र अंतर्गत आसंगी बस्ती स्थित खरकाई नदी के चेकडैम में रविवार को स्नान करने आए पांच नाबालिग युवकों में दो युवक डूब गए। चेकडैम में डूबे दो नाबालिगों में आदित्य उर्फ भोलू महतो तथा गोलू उर्फ सुमित मोदी शामिल है। दोनो नावालिग आदित्यपुर के इच्छापुर लाइन टोला का रहनेवाला है। इसकी सूचना मिलते ही आरआईटी थाना प्रभारी विनय कुमार अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर डूबे दोनों बालकों की खोजबीन शुरू कर दिया है। पुलिस द्वारा नदी का पानी कम करने के लिए गांजिया चेकडैम तत्काल बंद करने का निर्देश दिया गया है। डूबे बालकों की खोज के लिए जमशेदपुर से एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। पानी का काफी प्रेशर होने तथा अंधेरा हो जाने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने में दिक्कत आ रही है। पुलिस प्रशासन पानी कम होने का इंतजार कर रही है। चेकडैम के पास पत्थर होने के कारण रेस्क्यू में परेशानी हो रही है। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण भी जुट गए हैं।

## करंट से दो नाबालिगों की मौत



**सरायकेला:** जिले के खरसावां थाना क्षेत्र के गुटूसाई टोले में करंट लगने से दो नाबालिगों की मौत हो गयी। कुनी बानरा (13) और रुकमिणी सामड़ (12) रविवार दोपहर खेल रही थीं। इसी दौरान दोनों बिजली पोल के पास तार के संपर्क में आ गयीं और झुलस कर बेसुध हो गयीं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को पहले खरसावां सीएचसी ले जाया गया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सरायकेला के सदर अस्पताल पहुंचा गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद पुलिस को भी इसकी सूचना दी गयी। आमदा ओपी पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और परिजनों से बयान ले रही है।

## मुनेश्वर तिर्की ने बांसजोर प्रखण्ड का किया भ्रमण विस चुनाव में भाजपा को समर्थन करने का आग्रह



**सिमडेगा:** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला मंत्री सिमडेगा के द्वारा श्रेत्र भ्रमण के दौरान बांसजोर प्रखण्ड के तलगा पंचायत में ग्रामीणों की समस्या सुनी एवं कहा कि भाजपा ही गरीब आदिवासियों की समस्या का समाधान कर सकती हैं अतः आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन करने का आग्रह किया।

### कारगिल विजय दिवस के रजत जयंती महोत्सव का आयोजन

# वीर सैनिकों को किया गया सम्मानित

## सैनिकों के लिए राष्ट्र ही सर्वप्रथमः डॉ चन्द्रशेखर

मेट्रो रेस



**सिमडेगा:** वेटरन ऑगेनाईजेशन ऑफ झारखंड एवं पूर्व सैनिक आर्मी, नेवी, एयर, फोर्स और पारा मिलिट्री संगठन के द्वारा सिमडेगा जिला शहर के डाक बंगला सभागार में 25 वीं कारगिल विजय दिवस मनाया गया तथा रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर कारगिल के शहिदों और योद्धाओं को शत शत नमन किया गया। 25 वीं कारगिल विजय दिवस समारोह का मुख्य अतिथि वेटरन डॉ. चन्द्रशेखर पी सहित अन्य अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ चन्द्रशेखर किया गया। इस दौरान सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर शोल ओढ़ कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कारगिल युद्ध और अन्य युद्धों में अपनी वीरता से दुश्मन के छक्के छुड़ाने वाले वीरों और उनके परिजनों को पुष्प एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विष्णु साहू ने कारगिल विजय दिवस के बारे में अतिथियों को संबोधन करते हुए बताया कि आज से 24 साल पहले करगिल की पहाड़ियों पर भारत के शूरवीर सैनिकों ने अपनी कुबार्नी देकर विजय हासिल की थी. भारत के जवानों ने पाकिस्तानी सैनिकों के मनसूबों को धूल चटाई और करगिल की चोटियों पर तिरंगा लहरा दिया. गर्व से भर देने वाले इस दिन को हम करगिल विजय दिवस के रूप में मनाते हैं. कारगिल विजय दिवस हर साल 26 जुलाई को उस ऐतिहासिक दिन को चिह्नित करने के लिए करगिल विजय दिवस मनाया जाता है.

मुख्य अतिथि वेटरन आगेनाईजेशन के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. चन्द्रशेखर ने कहा कि एक सैनिक के लिए राष्ट्र ही सर्वप्रथम होता है। राष्ट्र के लिए सबकुछ भूलकर एक सैनिक अपनी जान की बाजी लगा देता है। उन्होंने कहा कि सौभाग्य से ही सैनिक बनने का अवसर मिलता है। कहा कि वह सैनिकों की हर समस्या के समाधान के लिए हमेशा तत्पर हैं। वहीं वेटरन आगेनाईजेशन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार ने वीर शहीदों के परिजनों की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि इस दिशा में सक्रियता पूर्वक समाधान की पहल होनी चाहिए। समारोह में राउरकेला से आई एम एल सी जे दास, शांतिबाला केरकेट्टा, अमरनाथ बामलिया, डी डी सिंह, हिलव्यू स्कूल के निदेशक समुद्रगुप्ता और कई पूर्व सैनिकों ने भी विचार व्यक्त किए।एन सी सी की संतोषी कुमारी ने बहुत प्रेरक कविता सुनाई। वेटरन आगेनाईजेशन सिमडेगा के विष्णु महतो ने कहा कि कारगिल विजय भारतीय सेना की एक बड़ी उपलब्धि रही है और इस जीत से हमेशा प्रेरणा मिलती रहेगी। इस अवसर पर कारगिल युद्ध मे अदम्य वीरता का प्रदर्शन करनेवाले सिमडेगा जिला निवासी रामरतन महतो, बेलस एक्का, विलियम सोरेंग को और शहीद सैनिकों के परिजनों को सम्मानित किया गया।

### अपने कार्यों के प्रति काफी गंभीर रहते हैं अरगोड़ा थाना प्रभारी आनन्द कुमार मिश्रा

# समस्याओं का त्वरित निदान इनकी प्राथमिकता

निधि पाठक



**अरगोड़ा** थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक आनन्द कुमार मिश्रा के थाना प्रभारी के रूप में योगदान देने के पश्चात से उनकी बेहतर कार्यप्रणाली और उत्कृष्ट कार्यदक्षता विभाग और थाना दोनों को बेहतर बनाया है। 1994 बैच के पुलिस अधिकारी आनन्द कुमार मिश्रा जो वर्तमान डीएसपी रैंक के अधिकारी के रूप में पद्दोन्नति के श्रेणी में हैं बस कुछ समय में ही इनकी भी पद्दोन्नति होनी तय है। श्री मिश्रा अरगोड़ा थाना में थाना प्रभारी के रूप में योगदान देने के साथ ही वृहत क्षेत्र में फैले इस थाना अधीन अपराध नियंत्रण, अपराधियों की खोजबीन तथा लम्बित मामले का निस्पादन दुर्त गति से करने के साथ-साथ बेहतर विधि व्यवस्था हेतु निरंतर जुटे हुए हैं। अरगोड़ा थाना क्षेत्र अन्तर्गत लोगों की शिकायत को जानने और सुनने के पश्चात उसका समाधान इनके द्वारा तत्क्षण और दुर्त गति के साथ किया जाता है जो निश्चित तौर पर पुलिस की मानवता और संवेदना का परिचायक है। लोकसभा चुनाव के दौरान ही इनकी सक्रियता और मतदान केन्द्रों में बेहतर विधि व्यवस्था तथा मतदाताओं को प्रेरित करने का कार्य भी काफी बेहतर रहा और मतदाताओं को मतदान करने के लिए थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक के द्वारा व्यापक रूप से जागरूकता अभियान भी चलाया गया जो इनकी बेहतर कार्यशैली को दशार्ता है। पुलिस अगर लोगों की जनवानी बने और उनकी परेशानी को दूर करने के लिए कारगर कदम उठाती है तो निश्चित तौर पर ऐसे पुलिस पदाधिकारी से जिला और विभाग दोनों गौरवान्वित होता है।



## पूर्व भाजपा सांसद ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

**जामा:प्रखंड** के तरबंधा गांव स्थित पूर्व सांसद आवास में रविवार को पूर्व भाजपा सांसद सुनील सोरेन ने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को इलईडी पर सुना। पूर्व भाजपा सांसद सुनील सोरेन ने कहा हमारे प्रधानमंत्री अपने मासिक रेडियो शो 'मन की बात' के 112वें एपिसोड को संबोधित किया। लोकसभा चुनाव के बाद यह उनका दूसरा और केंद्रीय बजट 2024-25 पेश होने के बाद पहला संबोधन था। उन्होंने कहा कि इस समय पूरी दुनिया में पेरिस ओलंपिक छाया हुआ है। ओलंपिक हमारे खिलाड़ियों को विश्व पटल पर तिरंगा लहराने का मौका देता है, देश के लिए कुछ कर गुजरने का मौका देता है। आप भी अपने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाइएं। इस मौके पर निलेश यादव, नेपाली सिंह, नेहाली सिंह, रूसीलाल हेम्ब्रम, भदेश्वर मरीक, फुटो देवी आदि मौजूद थे। इधर जामा मंडल अध्यक्ष राजू प्रसाद दर्वे एवं सिंकदर यादव मुन्ना ने बताया कि प्रखंड के बूथों पर भाजपाई कार्यकर्ताओं द्वारा मन की बात कार्यक्रम बृहत रूप से एलईडी, लैपटाप, मोबाइल एवं रेडियो के माध्यम से सुना। कार्यक्रम की सफलता को लेकर सभी पंचायतों में प्रभारी नियुक्त किया गया था। मौके पर भाजपा नेता राजू पुजहर ने सरसाबाद के बूथ पर दर्जनों लोगों के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना।

# भाजपा नेता श्रद्धानन्द ने ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर सुनी लोगों की समस्याएं,समाधान का दिया आश्वासन

## राज्य सरकार के संरक्षण में विभागों में मची है लूट-श्रद्धानन्द बेसरा



**सिमडेगाः** पूर्व भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने जमुनाखैर का दौरा कर ग्रामीण जनता की समस्यायों से रूबरू हुए।

ग्रामीणों ने श्री बेसरा को बताया कि विगत सात सालों से विद्युत समस्याओं से जूझ रहे हैं, सौ परिवार की गांव में एक छोटा सा ट्रांसफार्मर पुर्व में लगाया गया था जो क्षमता की दृष्टिकोण से अपर्याप्त है, हमारे गांव में अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने से पर्याप्त विद्युत मिलेगी तभी समस्याओं का समाधान होगा। ग्रामीणों ने बताया कि इसके कारण निकटवर्ती गांव से बिजली के लिए हमेशा झगड़ा होते रहता है।

पेयजल के संबंध में बताया कि एक जलमिनार बनाया गया है परन्तु चापाकल में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं रहने से डाडी कुंआ का पानी पीने के लिए मजबूर है।

श्री बेसरा ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि विद्युत और पेयजल से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विभाग के अधिकारियों के समक्ष रखी जाएगी एवं जल्द समाधान करने के लिए आग्रह किया जाएगा।

साथ ही श्रद्धानन्द बेसरा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस एवं झामुमो गठबंधन सरकार में झारखंड का विकास ठप हो गया है केंद्र सरकार द्वारा हर घर नल योजना के तहत दिए गए पैसा एवं विद्युतीकरण के लिए दिए गए पैसा का बंदरबाट हो रहा है, सरकार के संरक्षण में संबंधित अधिकारियों द्वारा पैसा लूटा जा रहा है, इस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है जल्द ही झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होगी और पूर्व की तरह गांव का विकास युद्ध स्तर पर किया जाएगा।

ग्रामीणों ने श्री बेसरा को एक आवेदन पत्र भी विद्युत कार्यपालक अभियंता सिमडेगा के नाम से दिया।

मौके पर प्रखंड भाजयुमो अध्यक्ष श्रवण गोसाईं एवं अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## एफएसएल रांची से आये वैज्ञानिकों ने पुलिस पदाधिकारियों एवं अनुसंधानकर्ताओं को किया प्रशिक्षित



**सिमडेगाः** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में पुलिस अधीक्षक महोदय, सिमडेगा की अध्यक्षता में बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एफएसएल रांची से आयी वैज्ञानिक जया सिंह ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी । बताया गया कि, किसी काण्ड के अनुसंधान के क्रम में किस प्रकार साक्ष्य एकत्र करना है और किस प्रकार संरक्षित करते हुए फॉरसिंक जांच हेतु एफएसएल भेजना है। कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक, महोदय, सिमडेगा, एफएसएल राँची से आये वैज्ञानिक, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सिमडेगा, परि० पुलिस उपाधीक्षक सिमडेगा सभी पुलिस निरीक्षक, सभी थाना प्रभारी एवं अन्य

# लायंस क्लब दुमका संप का 48वां स्थापना दिवस -सह- शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

मेट्रो रेस



**दुमकाः** लायंस क्लब दुमका संप. का 48 वां वार्षिक उत्सव -सह- शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन बड़े ही धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ द सिटी गार्डन दुमका में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट 322 अ के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर टखत्र्न्न लायन सीमा बाजपेयी ने संबोधित करते हुए कहा लायंस क्लब दुमका ने पूरे डिस्ट्रिक्ट 322-अ में अपनी एक अलग पहचान सेवा कार्यों के लिए बनाया है जिसके लिए क्लब के सदस्यों को बधाई दी और उन्होंने कहा कि आप सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण और वाटर हार्वेस्टिंग पर विशेष कार्य करें एवं लोगों के बीच जल संचयन के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूकता फैलाएं आने वाले समय में पानी एक गंभीर समस्या दिनोंदिन बनते जा रही है जिसके लिए हम सबको अभी से जागरूक होना होगा नहीं तो आने वाले पीढ़ी को पीने के लिए पानी नही मिल पायेगा। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में काम करने पर बल दिया और कहा कि ऐसे छात्र जो पैसे के अभाव में शिक्षा नहीं ले पाते हैं उन्हें क्लब आर्थिक मदद करे। इंस्टॉलिंग ऑफिसर ढटखत्र्न्न लायन राहुल वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा लायंस क्लब दुमका बहुत पुराना क्लब है आज भी उसी दमखम के साथ क्लब के सदस्य सामाजिक एवं सेवा के कार्यों में लगे हैं जो काफी प्रसंसनीय हैं और आगे भी इसी तरह से सेवा भाव से लगे रहने के लिए शुभकामनाएं दी। लायन राहुल वर्मा ने सत्र 2024- 2025 के लिए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों अध्यक्ष लायन डॉ. अमिता रक्षित, उपाध्यक्ष लायन सुनीता मुखर्जी, लायन सतीष कुमार, लायन राजेश कुमार चौरसिया, सचिव लायन चंदन साह, संयुक्त सचिव लायन अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष लायन अमुल्य पाल, संयुक्त कोषाध्यक्ष लायन डॉ सुनील जयसवाल , जनसंपर्क-पदाधिकारी लायन रमण कुमार वर्मा, मेंबरशिप चेयरमैन लायन डॉ पवन केशरी, क्लब एलसीआईएफ को-ऑर्डिनेटर लायन डॉ अखिलेश कुमार सिन्हा, लायन टेमर लायन राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, टेल-ट्विस्टर लायन सुनील कुमार साहा, डायरेक्टर लायन बी. के मेहरिया, लायन मुकेश कुमार अग्रवाल, लायन रमण कुमार वर्मा, लायन मनोज कुमार घोष,लायन प्रदीप्तो मुखर्जी, लायन राकेश सिंघानिया इन सभी को शपथ दिलाई। की नोट स्पीकर ढटखत्र्न्न लायन माधव लखोटिया ने संबोधित करते हुए कहा की पूरी दुनिया में लायंस क्लब इंटरनेशनल एक ऐसी गैर सरकारी संस्था है जो सामाजिक सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर अग्रणी भूमिका निभाता है।और आज विश्व में सबसे ऊंचे पायदान पर मौजूद हैं। जोन चेयरपर्सन लायन डॉ अखिलेश कुमार सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा लायंस क्लब का सदस्य बनना एक बड़े ही गौरव की बात है ज्यादा से ज्यादा लोगों को क्लब से जोड़ने के लिए प्रेरित किया लायंस क्लब दुमका द्वारा किए गए कार्यों के लिए भूरी-भूरी प्रशंसा की। समारोह में क्लब के अध्यक्ष लायन डॉ. अमिता रक्षित ने संबोधित करते हुए कहा किलायंस क्लब द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, साफ सफाई, पर्यावरण से जुड़े कार्य एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता अभियान। क्लब द्वारा ऑक्सीजन सिलेंडर की सेवाएं लगातार दिया जायेगा। जो हम लोगों के लिए बड़े ही गर्व की बात है। क्लब के सचिव लायन प्रदीप्त मुखर्जी ने क्लब द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कोषाध्यक्ष लायन सतीश कुमार ने आय - व्यय का ब्यौरा दिया। इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट लायन डॉ. शमीम अंसारी ने कहा क्लब के सदस्यों का भरपूर सहयोग हमें मिला जिसकी वजह से मैं अपने कार्यकाल को पूर्ण रूपेण सफल कर पाया क्लब की सदस्यों की उन्होंने काफी प्रशंसा की। इंस्टॉलेशन चेयरमैन लायन डॉ. पवन केशरी ने समारोह में उपस्थित लोगों का स्वागत भाषण दिया। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन क्लब के जनसंपर्क पदाधिकारी लायन रमण कुमार वर्मा एवं लायन रोदोशी मुखर्जी ने किया। समारोह में मुख्य रूप से लायन संजीव कुमार, लायन संजीव कुमार गुप्ता, लायन नीरज कोठीवाल, लायन शहनाज परवीन, लायन सदाशिव गुप्ता, लायन सुमन कुमार साह, लायन मधुकर दत्ता, लायन डॉ श्वेता स्वराज, लायन दिवाकर वत्स, लायन डॉ शम्भू साह, लायन संजीत कुमार सिंह, संदीप कुमार रक्षित, उत्कर्ष वाजपेयी, सीमा घोष, सोनी गुप्ता, नीता चौरसिया, शिव सरिता, रंजीता देवी, दुमका चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मुस्ताक अली उर्फ खोखन दा, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. अमरेंद्र कुमार यादव, बासुकीनाथ धाम लायंस क्लब के सदस्यगण, शहर के अन्य गन्यमान्य लोग सहित प्रेस बंधु एवं क्लब के दर्जनों सदस्य मौजूद थे।